Postal Regn No.Jaipur City/007/2018-20

।। पश्चिमी राजस्थान की आवाज ।।

मूल्य : दो रुपये

**चौखी बात**

जो लोग अपने घर में शांति से जीवन व्यतीत करते है उनका यमदूत भी कुछ नही कर पाते है

गुरु नानक देव

# दैनिक जलते दीप

संस्थापक स्व. माणक मेहता

**।। दसवां वेद ।।**

कर घाल्यो लख कामळी, तकी बिलमी तन्न।जळ ऊंडो थळ है नहीं, बीते सो जाणे मन्न।।

(अर्थ व कथा पेज चार पर)

www.dainikjaltedeep.com | वर्ष: 22 | अंक: 339 | जयपुर, सोमवार 06 जनवरी, 2020 | कुल पृष्ठ: 8 | Email : news@dainikjaltedeep.com

## एक नजर

### देश के प्रथम लोकसभा सांसद कमल बहादुर का निधन



**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश की प्रथम लोकसभा के एकमात्र जीवित बचे सदस्य और बिहार के डुमरांव राज के अंतिम महाराज कमल बहादुर सिंह का निधन हो गया है। वे 93 साल के थे। उनके बेटे चंद्रविजय सिंह ने बताया कि रविवार को बक्सर जिले के भोजपुर स्थित कोठी पर उनका पार्थिव शरीर लोगों के अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। सोमवार सुबह उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। कमल सिंह का पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के साथ घनिष्ठ संबंध था। कहा जाता है कि वाजपेयी के प्रभाव के कारण ही उन्होंने जनसंघ की सदस्यता ग्रहण की थी. स्वतंत्रता के बाद शाहाबाद में शिक्षा और सामाजिक विकास में इनका अहम योगदान रहा।

### यूपी में घुसे लश्कर के दो आतंकी, हाई अलर्ट

**एजेंसी, अयोध्या।** दक्षिण भारत से जुड़े दो आतंकियों के पड़ोसी बस्ती रेंज तक आने की खबर से सतर्कता बढ़ा दी गई है। सरयू पुल बैरियर से लेकर हाइवे व गोंडा पुल के रास्ते पर खास चेकिंग अभियान शुरू किया गया है। अयोध्या आने वाले वाहनों की सघन तलाशी व कागजात जांचे जा रहे हैं। एसपी सिटी विजय पाल सिंह ने बताया कि गोरखपुर आईजी कार्यालय समेत खुफिया इनपुट मिलते ही सतर्कता चाक चौबंद कर दी है। सभी बैरियर पर सघन तलाशी हो रही है। खासकर रामनगरी में सुरक्षा बल व एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। खुफिया एजेंसियों के मुताबिक दक्षिण भारत से जुड़े दोनों आतंकियों ख्वाजा मोइनद्दीन व अब्दुल समद की पहचान के साथ फोटो भी पुलिस को सर्कुलेट की गई है।

### ईरान ने मस्जिद पर फहराया लाल झंडा, जंग का एलान

**एजेंसी, तेहरान।** अमेरिकी हवाई हमले में ईरानी कमांडर कासिम सुलेमानी की मौत के बाद अब ईरान ने अघोषित रूप से अमेरिका के खिलाफ युद्ध का एलान कर दिया है। ईरान ने जामकरन मस्जिद के ऊपर लाल झंडा फहराकर युद्ध के लिए चेतावनी दे दी। बता दें कि इस तरीके के हालात में झंडा फहराना का मतलब होता है कि युद्ध के लिए तैयार रहें या युद्ध आरंभ हो चुका है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ऐसा पहली बार नहीं है कि ईरान ने इसतरह से मस्जिद पर लाल झंडा फहराया है। कोम स्थित जानकरन मस्जिद के गुंबद पर आमतौर पर धार्मिक झंडे फहराए जाते हैं। ऐसे में धार्मिक झंडे को हटाकर लाल झंडा फहराने का मतलब युद्ध के एलान के रूप में लिया जा रहा है।

### चितौड़गढ़ फोर्ट फेस्टिवल नई ऊंचाइयों को छुएगा : आंजना

**जलतेदीप नसं, चित्तौड़गढ़।** सहकारिता एवं इंदिरा गांधी नहर परियोजना विभाग मंत्री उदय लाल आंजना रविवार को जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित चितौड़गढ़ फोर्ट फेस्टिवल के समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रुप में भाग लेने पहुंचे। उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंत्री आंजना ने कहा कि चित्तौड़गढ़ की धरा आन-बान और शान की प्रतीक है। जिला प्रशासन की ओर से शुरू किए गए इस कार्यक्रम की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि यह अच्छा प्रयास है और यह कार्यक्रम नई ऊंचाइयों को छुएगा। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में नगरपरिषद सभापति संदीप शर्मा, उपसभापति कैलाश पंवार, अतिरिक्त जिला कलक्टर मुकेश कुमार कलाल आदि उपस्थित थे।

# भाजपा से मुकाबले के लिए कांग्रेस देगी कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग

- **14 जनवरी को पीसीसी में होंगे इंटरव्यू, कांग्रेस ट्रैनिंग सेल के राष्ट्रीय नेता लेंगे इंटरव्यू**
- **सरकार की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाने का कांग्रेसी प्लान**
- **कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रदेश से लेकर ब्लॉक तक दी जाएगी ट्रैनिंग**
- **आम लोगों को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ा जाएगा**
- **विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस ने शुरु किया था ट्रैनिंग प्रोग्राम**
- **कांग्रेस की रीति-नीति और सरकार की उपलब्धियों से वाकिफ कार्यकर्ताओं को बनाया जाएगा मास्टर ट्रेनर**

**जलतेदीप विसं, जयपुर**



भाजपा से मुकाबले के लिए कांग्रेस में अब कार्यकर्ताओं को ट्रैनिंग देने का फैसला किया है। कांग्रेस प्रदेश से लेकर ब्लॉक स्तर तक ट्रैनिंग कैंप लगाएगी। विपक्ष में रहते शुरु किया गया ट्रैनिंग प्रोग्राम का प्रयोग अब सत्ता में आने के बाद नए सिरे से दोहराया जाएगा।

कांग्रेस में ट्रैनिंग सेल को फिर से सक्रिय किया गया है। कांग्रेस ट्रैनिंग सेल के राष्ट्रीय कर्ताधर्ता 14 जनवरी को जयपुर में आकर पीसीसी में कांग्रेस नेताओं के इंटरव्यू लेंगे। इंटरव्यू के जरिए प्रेरक यानी मास्टर ट्रैनर बनने वाले कार्यकर्ताओं का चयन किया जाएगा। जो नेता कांग्रेस की विचारधारा और सरकार की उपलब्धियों के बारे में जानकारी रखते हैं और पार्टी को समय देना चाहते हैं, उन्हें मास्टर ट्रैनर या प्रेरक बनाया जाएगा। ये मास्टर ट्रैनर ब्लॉक स्तर तक जाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ट्रेंड करेंगे। ट्रैनिंग ले चुके कार्यकर्ताओं को आम जनता के बीच कांग्रेस की विचारधारा का प्रचार करने और भाजपा का मुकाबला करने का टास्क दिया जाएगा। कांग्रेस ट्रैनिंग सेल ने विधानसभा चुनावों से पहले भी कार्यकर्ताओं को जिला और ब्लॉक स्तर तक ट्रैनिंग दी थी। उसके बाद पार्टी ने मेरा बूथ मेरा गौरव अभियान चलाया था। इसके पार्टी को अच्छे परिणाम मिले थे। विधानसभा चुनाव में इस मॉडल की सफलता के बाद कांग्रेस ने ट्रैनिंग प्रोग्राम को और आगे बढ़ाने का फैसला किया गया है। भाजपा कैडर बेस पार्टी होने के कारण उसके पास दक्ष कार्यकर्ताओं की लंबी कतार है जबकि कांग्रेस मास बेस पार्टी है और इसमें बीच बीच में दूसरी पार्टियों से बड़ी तादाद में लोग शामिल हुए हैं।

पार्टी में नए आए कार्यकर्ताओं को भी कांग्रेस की रीति-नीति के बारे में बताया जाएगा। कांग्रेस के दक्ष कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर कांग्रेस सरकार की उपलब्धियें के बारे में बताने का टास्क दिया जाएगा।

### 60 साल बाद जयपुर में बनेगा पीसीसी का नया भवन

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने नये सचिव के तौर पर विजेन्द्र सिंह सिंगला की नियुक्ति की है। प्रदेश कांग्रेस कमेटियों के लिये भवन सम्बंधी जरुरतें पूरा करना सिंघला के जिम्मे होगा। वहीं कांग्रेस की परिसम्पतियों के देखभाल को लेकर भी सिंघला ही कांग्रेस आलाकमान को रिपोर्ट करेंगे। जिला स्तर पर बनने वाले कांग्रेस कमेटियों के सम्बंध में भी सिंघला ने रिपोर्ट मांगी है। पीसीसी को भी सिंघला का पत्र प्राप्त हुआ। प्रदेश कांग्रेस कमेटी को नये भवन की आवश्यकता है। राजस्थान में कांग्रेस की सरकार है, लिहाजा संगठन को उम्मीद है कि नया भवन मिलेगा।

### दुष्यंत चौटाला फोर्ब्स पत्रिका की टॉप-20 लिस्ट में शामिल

**एजेंसी, चंडीगढ़**

कारोबारी पत्रिका फोर्ब्स ने दुनिया की उन 20 हस्तियों की सूची जारी की है जिन पर वर्ष 2020 में विश्व की नजरें रहेंगी। जजपा ने दावा किया है कि इस लिस्ट में हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का भी नाम शामिल है। पार्टी के मुताबिक दुष्यंत चौटाला एक उम्मीद के रूप में पूरे विश्व में ऊर्जावान व्यक्ति के तौर पर उभर कर सामने आए हैं।



फोर्ब्स ने इस सूची में दुष्यंत चौटाला का नाम शामिल करते हुए लिखा है कि चुनावी राजनीति में प्रवेश कर दुष्यंत चौटाला भारतीय इतिहास में पहले सबसे कम उम्र में युवा सांसद बने और अब हरियाणा के उपमुख्यमंत्री हैं। मैगजीन ने दुष्यंत चौटाला के राजनीतिक जीवन के बारे में ये भी लिखा कि दुष्यंत हरियाणा की राजनीति के साथ-साथ विश्व में अपनी एक अलग पहचान स्थापित करने वाले व्यक्ति बन सकते हैं। इस सूची में श्रीलंका के राष्ट्रपति, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री, सऊदी अरब के प्रिंस, फिनलैंड के प्रधानमंत्री, न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री, जर्मनी के रक्षा मंत्री, अमेरिका के एक सांसद और एक मेयर शामिल हैं।

# कोटा : 110 बच्चों की मौत के बाद सरकार का एक्शन

## एचओडी को हटाया, 4 नए डॉक्टर और लगाए





**जलतेदीप नसं, कोटा**

शहर के जेके लॉन अस्पताल में लगातार हो रही मासूम बच्चों की मौतों के बाद सरकार अब एक्शन में आई है। डिप्टी सीएम सचिन पायलट और स्वास्थ्य मंत्री के दौरे के बाद अस्पताल के शिशु रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अमृतलाल बैरवा को हटा दिया गया है। बैरवा की जगह कोटा मेडिकल कॉलेज के डॉ. जगजीत सिंह को नया विभागाध्यक्ष बनाया गया है।

डॉ. बैरवा को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने अस्पताल के दौरे के दौरान भी फटकार लगाई थी। अस्पताल में गत 35 दिनों में 110 बच्चों की मौत हो चुकी है।

### 9 बैड का एनआईसीयू बनाया जा रहा है

जेके लॉन अस्पताल अधीक्षक डॉ. सुरेश दुलारा ने बताया कि इसके साथ ही बच्चों के 4 नए डॉक्टर भी नियुक्त किए गए हैं। अस्पताल में वार्डों और आईसीयू की टूटी खिडकियों को पोली कारबोनेट शीट से बंद कर दिया गया है। कई उपकरणों की सीएमसी जारी कर दी गई है। कुछ नए उपकरण भी उपलब्ध करवाए गए हैं। एक कमरे को रिनोवेट करके 9 बैड का एनआईसीयू बना रहे हैं। उपकरणों की देखरेख का सुनिश्चित की गई है। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला भी सीएसआर के जरिए 40 लाख रुपए उपलब्ध करवा रहे हैं। गत 35 दिनों में 110 बच्चों की मौत पर डॉ. दुलारा ने बताया कि जो बच्चे बाहर (ट्रांसपोर्ट के के दौरान) लाए गए वो सर्दी का शिकार हुए हैं। जेके लॉन अस्पताल में शिशु रोग विभाग में नए विभागाध्यक्ष और चार नए डॉक्टर्स को नियुक्त किए जाने से अब यहां 5 डॉक्टर्स की बढ़ोत्तरी हो गई है।

### 35 दिनों में 110 बच्चों की हो चुकी है मौत

उल्लेखनीय है कि जेके लॉन अस्पताल में दिसंबर से अब तक 35 दिनों में 110 बच्चों की मौत होने के बाद यह मामला राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में आ गया। मामले को लेकर बीजेपी ने राज्य सरकार ने घेरने का प्रयास किया। वही इस मुद्दे को लेकर जमकर सियासी बयानबाजी भी हुई। नेताओं के बीच ट्वीटर वार भी छिड़ गया।

## मुख्यमंत्री ने द्वारका प्रसाद अग्रवाल को श्रद्धांजलि दी

**जलतेदीप ब्यूरो, मुंबई**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत रविवार को मुम्बई में वेदान्ता उद्योग समूह के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल के पिता उद्योगपति स्व. द्वारका प्रसाद अग्रवाल की प्रार्थना सभा में शामिल हुए और उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

गहलोत ने दिवंगत की धर्मपत्नी वेदवती अग्रवाल एवं अन्य परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक-संतप्त परिजनों को सहन-शक्ति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की।

मुम्बई के वाई.बी. चव्हाण प्रतिष्ठान में आयोजित प्रार्थना सभा में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री रविवार सुबह यहां पहुंचे। प्रार्थना सभा में बड़ी संख्या में प्रवासी राजस्थानी उपस्थित थे।



**मुख्यमंत्री ने शरद पवार से शिष्टाचार भेंट की**

मुख्यमंत्री गहलोत ने चव्हाण प्रतिष्ठान के अध्यक्ष पूर्व केन्द्रीय मंत्री शरद पवार से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार भी उपस्थित थे।

### 'राइट टू हेल्थ' के लिए चलाया 'निरोगी राजस्थान' अभियान

गहलोत ने मुम्बई में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि राजस्थान में आमजन को 'राइट टू हेल्थ' देने के लिए 'निरोगी राजस्थान' अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से आम लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार प्रदेशवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए कृत-संकल्प है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) तथा शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) में निरन्तर सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में प्रभावी परिणाम के लिए जन जागरण एवं राजनीतिक प्रतिबद्धता के साथ जनसहभागिता भी आवश्यक है।

### जेएनयू कैंपस में बवाल, दो गुटो में मारपीट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) में एक बार फिर लेफ्ट और एबीवीपी के छात्र आमने-सामने आ गए हैं। हालांकि इस बार बात मारपीट तक पहुंच गई है। बता दें कि विंटर सेमेस्टर रजिस्ट्रेशन के लिए पांच जनवरी आखरी दिन था, इसलिए छात्र रजिस्ट्रेशन करवाना चाहते थे। लेकिन लेफ्ट और छात्र संघ ने उनको रोकने की कोशिश की। इस दौरान छात्रों के दोनों गुट आपस में भिड़ गए।

वहीं इसके बाद पेरियार हॉस्टल के सामने पत्थरबाजी शुरू हो गई। साथ ही डंडों से हमला करके छात्रों को रजिस्ट्रेशन करने से रोका गया। घटना के बाद कैंपस में पुलिस पहुंची है। घटना में कई छात्रों को गंभीर चोटें आई हैं।

## पाकिस्तान : ननकाना साहिब पर हमले के बाद पेशावर में सिख युवक की हत्या

**एजेंसी, पेशावर**

पाकिस्तान में ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर हुए पथराव के बाद एक बार फिर अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया गया है। पेशावर में एक सिख युवक की अज्ञात व्यक्ति ने हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि मृतक का शव चामकानी थाना क्षेत्र में मिला।

मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। इससे पाकिस्तान में रह रहे सिख समुदाय में आक्रोश बढ़ने के आसार हैं। हाल में ननकाना साहिब गुरुद्वारे पर कुछ उपद्रवियों ने पथराव करते हुए नाम बदलने तक की चेतावनी जारी की थी।



क्षेत्र में तनाव को देखते हुए शनिवार को प्रशासन ने सिखों को नगर कीर्तन करने की अनुमति नहीं दी थी। पाकिस्तान की मीडिया रिपोर्ट के अनुसार क्षेत्र में अब भी तनाव बरकरार है जिसके कारण नगर कीर्तन की इजाजत नहीं मिली।

### पाक ने खारिज की गुरुद्वारा ननकाना साहिब की बेअदबी की खबरें

पाकिस्तान ने गुरुद्वारा ननकाना साहिब की बेअदबी की खबरों को खारिज किया है। पाक सरकार ने शनिवार को कहा कि सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव के जन्मस्थान को किसी ने छुआ नहीं है और न ही उसे कोई नुकसान पहुंचाया है तथा सिख धर्म के पवित्र स्थलों में से एक में तोड़फोड़ किए जाने के दावे गलत हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पंजाब प्रांत के प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी है कि वहां शुक्रवार को दो मुस्लिम समूहों के बीच झड़प हुई थी।

उक्त झगड़ा चाय की एक दुकान पर किसी मामूली घटना को लेकर हुई और जिला प्रशासन ने तत्काल हस्तक्षेप करके आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## मध्यप्रदेश में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय पर मामला दर्ज

**एजेंसी, इंदौर**

मध्यप्रदेश के इंदौर में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय सहित 350 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इन सभी पर धारा 144 का उल्लंघन करने और संभागीय आयुक्त आकाश त्रिपाठी के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन करने के आरोप हैं।



इसके अलावा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इंदौर में शनिवार को माचिस बांटी। जिसपर कैलाश विजयवर्गीय की फोटो छापकर लिखा गया था कि यह शहर में आग लगाने के काम आती है। शनिवार को विधायक संजय शुक्ला, कार्यकारी शहर अध्यक्ष विनय बाकलीवाल ने संभागायुक्त आकाश त्रिपाठी से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस का कहना है कि विजयवर्गीय राज्य की शांति को भंग करना चाहते हैं। वे उत्तेजना फैलाकर प्रदेश शासन के खिलाफ विध्वंस की स्थिति पैदा करना चाह रहे हैं। वहीं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने विजयवर्गीय पर तंज कसते हुए कहा कि कलाकारजी हताश और भटके हुए हैं। बचपन से ही उन्होंने हिंसा और नफरत का रास्ता सीखा है। जिसकी वह राजनीति करते हैं। जिस किसी ने कानून के खिलाफ कहा है उसपर कार्रवाई होनी चाहिए।

## 'सीएए' भाजपा का जनजागरण अभियान, जयपुर में केन्द्रीय मंत्री सीतारमण ने किया आगाज

**जलतेदीप कासं, जयपुर**

नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लेकर जारी विवाद के बीच भाजपा ने जनसमर्थन जुटाने के लिए घर घर दस्तक देनी शुरू कर दी है। राजधानी जयपुर में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को मुस्लिम बहुल इलाकों से लेकर दलित बस्तियों के बीच जनजागरण अभियान का आगाज किया। भाजपा का यह जनजागरण अभियान जयपुर में खासा सुर्खियों में रहा।



### मुसलमानों को सीएए से डरने की जरूरत नहीं

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अल्पसंख्यक बहुल इलाकों में अभियान का आगाज करते हुए उनको सीएए की जानकारी दी. सीतारमण ने महिलाओं से लेकर बुजुर्गों तक सबसे आत्मीयता से मुलाकात की और सीएए की बारीकियां समझाई। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को सीएए से डरने की जरूरत नहीं है। सीएए से अल्पसंख्यकों को नागरिकता मिलेगी। उन्होंने हाल के बरसों में पड़ोसी देशों से आए मुस्लिम परिवारों को दी गई नागरिकता के आंकड़े भी गिनाए।

### पाकिस्तान अफगानिस्तान और बांग्लादेश को भी आड़े हाथ लिया

इस दौरान कई दृश्य चौंकाने वाले थे। सीएए के समर्थन में सांगानेर के कई अल्पसंख्यक बहुल इलाकों में मोदी सरकार के समर्थन में नौजवान नारे लगाते दिखे. सीतारमण ने इस दौरान दलितों के घरों का भी रूख किया. दलितों को यहां तक समझाया गया कि पाकिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न के शिकार होकर आने वाले ज्यादातर शरणार्थी दलित हैं। अब उन्हें जब नागरिकता देने के लिए केंद्र सरकार सीएए के जरिये कोशिश कर रही है तो कांग्रेस इसका विरोध कर रही है।

## बेहमई कांड : 38 साल बाद आज आएगा फैसला

### बैंडिट क्वीन फूलन ने कतार में खड़ा कर 20 लोगों की हत्या की थी

**एजेंसी, कानपुर**

देशभर में चर्चित रहे बेहमई कांड की सुनवाई 38 साल बाद पूरी हो गई है। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया है। सोमवार को इस मामले में कोर्ट अपना फैसला सुना सकती है। 38 साल पहले बेहमई गांव में दस्यु सुंदरी फूलन देवी और गिरोह ने कतार में खड़ा कर 20 लोगों की गोली मारकर सामूहिक हत्या कर दी थी। मुकदमे की सुनवाई के दौरान फूलन समेत 15 आरोपियों की मौत हो चुकी है। जिला शासकीय अधिवक्ता राजू पोरवाल ने बताया कि 14 फरवरी 1981 को दस्यु सुंदरी फूलन देवी के गिरोह ने बेहमई गांव में 20 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। राजाराम सिंह ने दस्यु सुंदरी फूलन देवी समेत 35-36 डकैतों के खिलाफ थाना सिकंदरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद यह कांड देशभर की सुर्खियों में रहा था। वर्ष 2012 में डकैत फूलन, भीखा, पोसा, विश्वनाथ, श्यामबाबू और राम सिंह पर आरोप तय किए गए थे। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित की अदालत में चल रही है।

हत्याकांड के बाद से लगातार तारीख पर तारीख पड़ती रही। इसी तरह 38 साल बीत गए। राज्य की



ओर से अभियोजन पक्ष ने वर्ष 2014 में गवाही पूरी कर ली थी। इसके बाद से अभियुक्तों की ओर से बचाव पक्ष ने बहस शुरू की। डीजीसी ने बताया कि गुरुवार को बचाव पक्ष की बहस पूरी हो गई है। फैसला सुनाने के लिए विशेष अदालत ने छह जनवरी की तारीख मुकर्रर की है।

### ये था बेहमई सामूहिक हत्याकांड

14 फरवरी 1981 को दस्यु सुंदरी फूलन देवी के गिरोह ने बेहमई गांव में धावा बोला था। इसके बाद जगन्नाथ सिंह, तुलसीराम, सुरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, लाल सिंह, रामाधार सिंह, वीरेंद्र सिंह, शिवराम सिंह, रामचंद्र सिंह, शिव बालक सिंह, नरेश सिंह, दशरथ सिंह, बनवारी सिंह, हिम्मत सिंह, हरिओम सिंह, हुकुम सिंह समेत 20 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जंटर सिंह समेत आधा दर्जन ग्रामीण गोली लगने से घायल हुए थे। डीजीसी ने बताया कि बेहमई हत्याकांड में आरोपी भीखा, श्यामबाबू व विश्वनाथ उर्फ पूतानी जमानत पर हैं। आरोपी पोसा अभी भी जेल में बंद है।

**अरविन्द केजरीवाल पर साधा निशाना** | **घर-घर जाकर सीएए के बारे में दे रहे जानकारी**

# दिल्ली में अमित शाह ने शुरू किया डोर टू डोर कैंपेन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली में आगामी चुनावों को देखते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को एक कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और दिल्ली की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी पर जमकर हमला बोला है। इस सम्मेलन के बाद अमित शाह ने भाजपा के डोर टू डोर कैंपेन में हिस्सा लिया। इस दौरान वह लाजपत नगर पहुंचे। जहां उन्होंने भाजपा कैंपेन में हिस्सा लेते हुए डोर टू डोर पंफलेट बांटे। इन पंफलेट के जरिए



उन्होंने लोगों को नागरिकता कानून के बारे में जानकारी दी है। बता दें कि अमित शाह कई बार कह चुके हैं कि लोगों में सीएए को लेकर भ्रम पैदा किया जा रहा है। उनका कहना है कि लोगों को गलत जानकारी देकर उन्हें भड़काया जा रहा है। इसके चलते उन्होंने यह कम्पेन शुरू किया है। जिसके जरिए वह लोगों को जागरूक कर रहे हैं। वहीं इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह ने बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस दौरान तालकटोरा स्टेडियम में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे। गृहमंत्री अमित शाह ने कार्यकर्ताओं का हौसला बुलंद करते हुए दावा किया कि इस बार दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनेगी। इस दौरान उन्होंने दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि सीएम केजरीवाल ने जनता को झांसा दिया। यह बार-बार नहीं हो सकता। जनता हर बार किसी के झांसे में नहीं आ सकती। इस बार दिल्ली में भाजपा की सरकार बनेगी। अमित शाह ने मोहल्ला मीटिंग द्वारा लोगों तक पहुंचने का आह्वाहन करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ताओं के साथ मैं खुद जनता के साथ मोहल्ला मीटिंग करूंगा। उन्होंने कहा कि जनता ने नगर निगम चुनाव में भाजपा का चुनाव किया। इससे साफ हो गया कि दिल्ली की जनता किसे चाहती है। उन्होंने केजरीवाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 20 कॉलेज और 50 स्कूलों का वादा किया गया था, लेकिन वो स्कूल कॉलेज कहीं नहीं दिख रहे हैं।



उपस्थित शिविरार्थी। जलतेदीप

## अगर हम पैशंस रखेंगे तो जीवन में कभी पेसेंट नहीं बनेंगे : संत चंद्रप्रभ

### द आर्ट ऑफ हैप्पी लाइफ प्रोग्राम आयोजित

जोधपुर, 5 जनवरी (कासं)। संत चंद्रप्रभ महाराज ने कहा कि जो पैशंस रखता है वह कभी पेसेंट नहीं बनता। अगर हम पैशंस नहीं रखेंगे तो बहुत जल्दी पेसेंट बन जाएंगे।

संतप्रवर संबोधि धाम में आयोजित द आर्ट ऑफ हैप्पी लाइफ प्रोग्राम में शहरवासियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर हम जीवन में आने वाली समस्याओं को, नकारात्मकता को कड़वी दवा की तरह घटक लेंगे तो वह हमारा नुकसान नहीं करेगी, पर उसे दिमाग में बिठा लेंगे तो वह हमें बर्बाद कर देगी। हमें जीवन में मिलने वाली कड़वी बातों को कड़वी दवा की तरह निगल लेना चाहिए, पर मीठी बातों को और हर अच्छी यादों को टॉफी की तरह चूसते रहना चाहिए तो हम सदा आनंद भरा जीवन जी सकेंगे। संत प्रवर ने कहा कि जो गुस्से के माहौल में 2 मिनट का धीरज रख लेते हैं वे गुस्से को जीतने में सफल हो जाते हैं, उनका दिमाग सदा शांत और एनर्जी फुल बना रहता है। शांति रखने की सलाह देते हुए संत प्रवर ने कहा कि शांति चाहिए तो शांत रहना सीखिए। एक घंटा मौन रखने की आदत डालिए, मेडिटेशन कीजिए। खुद से बार बार कहिए - साइलेंट प्लीज, पीस ऑफ माइंड। शांति को हम अपनी सहेली बनाएं और जीवन में अशांति के निमित्त जैसे क्रोध, ईर्ष्या, झगड़ा, उपेक्षा का माहौल बनने पर भी मन में संकल्प लें कि मैं शांत रहूंगा। इससे पूर्व संत प्रवर ने सभी को खड़े होकर ताड़ासन अर्ध कटिचक्रासन पादहस्तासन वृक्षासन और त्रिकोणासन सिखाएं और क्लैपिंग थेरेपी रबिंग थेरेपी और स्माइलिंग थेरेपी का प्रशिक्षण दिया। संचालन डॉ. शांतिप्रिय सागर ने किया और आभार गोपाल फोफलिया सीए ने दिया।

## मतदाता जागरूकता विषयक शिक्षा कार्यक्रम आयोजित

जोधपुर, 5 जनवरी (कासं)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के स्वायत्तशाषी संगठन नेहरू युवा केन्द्र जोधपुर द्वारा तिंवरी उपखंड में बालरवा गांव में मुद्दा आधारित शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में स्वामी विवेकानंद को नमन कर युवा संकल्प शपथ लेकर युवाओं ने नए भारत के निर्माण का संकल्प लिया।

जिला युवा समन्वयक राजेश चौधरी ने कहा कि नए भारत का आधार युवा हैं। पंचायत चुनावों के तहत युवाओं को अधिकतम मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए उन्होने कहा कि युवा समता व भाईचारे के मार्ग पर चलकर ही ग्राम विकास की बापू की परिकल्पना साकार कर सकते हैं। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अजयवर्धन आचार्य ने युवाओं को उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रूको मत के ध्येय वाक्य के साथ कौशल विकास एवं उद्यमशीलता का संकल्प दिलवाया। प्रधानाचार्य राजेन्द्र कुम्पावत ने कहा कि युवाओं को सकारात्मक सोच रख राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय भूमिका अदा करनी चाहिए। डॉ. रेहाना बेगम ने शिक्षा की उपयोगिता बताई। अधिवक्ता नितेन्द्र सिंह ने सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर रोक लगाने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। इस मौके राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक युधिष्ठिर माली व नेहरू युवा मंडल बावरला अध्यक्ष सहित स्थानीय युवा इस दौरान मौजूद रहे।



अनशन स्थल पर पहुंची विधायक मनीषा। जलतेदीप

## आश्वासन के बाद युवा शक्ति संगठन का अनशन स्थगित

जोधपुर, 5 जनवरी (कासं)। युवा शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विजयराव ने बताया है कि संगठन द्वारा भगत को कोठी क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं व सुविधाओं के लिए भगत की कोठी नवनिर्माण आंदोलन के तहत 1 जनवरी से शिव ओम शक्ति स्कूल के पास, न्यू पाली रोड भगत की कोठी पर अनशन किया जा रहा है। इस बीच मांगों को ज्ञापन सिद्धार्थ मेहरा व मुकेश राव ने नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने रावण के चबूतरे में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को सौंपा। जिसके बाद कल रात्रि जोधपुर शहर विधायक मनीषा पंवार ने अनशन स्थल पर आकर मांगों का ज्ञापन लेकर उसके निवारण का आश्वासन दिया और अनशनकारी विजय राव व क्रमिक अनशनकारी ओमप्रकाश खीची का ज्यूस पीलाकर अनशन तुड़वाया।

इस अवसर पर कांग्रेस सर्राफा बाजार ब्लाक अध्यक्ष लियाकत अली शास्त्री नगर ब्लॉक अध्यक्ष रामेश्वर गुर्जर, दीप पंवार, सिद्धार्थ मेहरा, मुकेश राव, अजय सिंह राठौड़, सत्यनारायण बोराणा, मुकेश बोराणा राजेन्द्र व्यास, अरविंद लखानी, हनवंत सिंह राजावत, राजेन्द्र परिहार, व पप्पू बोराणा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### डॉ श्यामा, भानू और युद्धवीर सहायक आचार्य नियुक्त

जोधपुर, 5 जनवरी (कासं)। राज्य सरकार के चिकित्सा शिक्षा विभाग ने एक आदेश जारी कर राजस्थान लोक सेवा आयोग से चयनित तीन सहायक आचार्य शिशु रोग की नियुक्ति डॉ एनएन मेडिकल कॉलेज में की है।



इनमें डॉ श्यामा चौधरी, भानुप्रताप सिंह राठौड़ एवं युद्धवीर सिंह शेखावत को सहायक आचार्य पद पर लगाया गया है।

### प्रतियोगी परीक्षा मार्गदर्शन सेमिनार सम्पन्न

जोधपुर, 5 जनवरी (कासं)। मण्डोर रोड़ स्थित अखेराजोत विकास समिति कार्यालय में रविवार को प्रतियोगी परीक्षा मार्गदर्शन सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक ओमसिंह राजपुरोहित ने विद्यालयी शिक्षा एवं भविष्य निर्माण विषय, मनोविज्ञान विशेषज्ञ डॉ. अभयसिंह ने पटवार व कॉस्टेबल प्रतियोगी परीक्षा से सम्बन्धित तैयारी के महत्वपूर्ण टिप्स दिये। शिक्षा एवं नैतिक मूल्य निर्माण में अध्यात्म के महत्व पर सत्यनारायण सिंह तथा जेएनवीयू भूगोल के सहायक आचार्य गोविन्द सिंह ने प्रतियोगी परीक्षा, सोशल मीडिया, व्यक्तिगत नियंत्रण एवं प्रेरणा प्रबंधन पर चर्चा की। सहकारिता निरीक्षण महेन्द्रसिंह ने परीक्षा में समय प्रबंधन के टिप्स दिये। अन्तिम खुले सत्र में विशेषज्ञों ने अभ्यर्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। अन्त में समिति के उपाध्यक्ष श्यामसिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### गुर्जर गौड़ ब्राहमण युवक संघ के कलैंडर का विमोचन

जोधपुर, 5 जनवरी (कासं)। अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जर गौड़ युवक संघ जोधपुर संभाग के अध्यक्ष बजरंग जोशी ने बताया कि इस वर्ष के कैलेंडर का विमोचन चीरघर स्थित गौतम सभा भवन में राजस्थान ब्राह्मण महासभा के कमल जोशी, युवक संघ के राष्ट्रीय प्रभारी सूरज प्रकाश जाजड़ा राष्ट्रीय अध्यक्ष कालूराम उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष कुशाल रोहींवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमृत पंचारिया, अध्यक्ष माधो प्रकाश जाजड़ा, मंत्री दुष्यंत रानेजा व नरेश जाजड़ा ने किया।

### हड़ताल सफल बनाने की अपील

जोधपुर, 5 जनवरी (कासं)। अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र की राज्य शाखा राजस्थान ट्रेड यूनियन केंद्र से संबंधित श्रमिक संगठनों की बैठक यूनियन के प्रदेश प्रदेश उपाध्यक्ष बृजकिशोर की अध्यक्षता में सोजती गेट स्थित आरसीटू कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक को श्रमिक नेता गोपीकिशन, नदीम खान, वहीदुदीन, हबीबुर्रहमान, रमेशनाथ सहित अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया। वक्ताओं ने 13 सूत्री मांगों को लेकर 8 जनवरी को प्रस्तावित केंद्रीय कर्मचारियों की बैठक को सफल बनाने की अपील की।

### फुटपाथ पर सो रहे लोगों को भेजा रैन बसेरों में

जोधपुर, 5 जनवरी (कासं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के आदेशानुसार बेसहारा एवं बेघर व्यक्तियों को जो कड़ाके की सर्दी में फुटपाथ व सड़कों पर रात्रि गुजारा करते है उनके लिए रैन बसेरे में ठहरने की सुविधा उपलब्ध करानें हेतु निर्देश प्राप्त हुए। इसी संदर्भ में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जोधपुर महानगर के सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सिद्धेश्वर पुरी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जोधपुर महानगर द्वारा गठित टीम के साथ मिलकर रात्रि में विभिन्न जगहों पर फुटपाथ पर सो रहे लोगों को नजदीकी रैन बसेरों में भेजा। वहां पर उनके सोने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। प्रथम पुलिया फुटपाथ पर तथा अशोक उद्यान क्षेत्र में सो रहे लोगों को नजदीकी रैन बसेरे में सोने के लिए व्यवस्था की गई।

### मकान में पकड़ा ऑनलाइन जुआघर

जोधपुर, 5 जनवरी (कासं)। पंचायत चुनावों को देखते हुए पुलिस ने माइनर एक्ट में कार्रवाई को अंजाम देने की कड़ी में रविवार को नई सड़क स्थित एक मकान पर छापा मार कर वहां से ऑन लाइन जुआघर का पता लगाया है। पुलिस ने मौके से 11 लोगों को गिरफ्तार करने के साथ ही एक लाख चालीस हजार रूपए और मॉनिटर, सीपीयू, मोबाइल आदि जब्त किए है। ऑनलाइन केसिनो चला रहा था। डीसीपी पूर्व धर्मेंद्र सिंह यादव ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि नई सड़क स्थित एक मकान में ऑन लाइन केसिनो चलाया जा रहा है। पंचायत चुनाव के मद्देनजर यह कार्रवाई की गई। तब पुलिस की अलग अलग टीमों का गठन कर वहां रेड दी गई। मोहम्मद रशीद के मकान में पुलिस ने 11 लोगों को हिरासत में लिया और एक लाख चालीस हजार रूपए बरामद करने के साथ ऑन लाइन जुआ खेलने के लिए प्रयुक्त कंप्यूटर, सीपीयू, मोबाइल आदि जब्त किए गए।



नियुक्ति पत्र प्रदान करते मेहता। जलतेदीप

## वैश्य समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलेंगे : जैन

जोधपुर, 5 जनवरी (कासं)। अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन की एक बैठक रविवार को मुथा जी मंदिर परिसर में हुई। जिसमें संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनिल जैन के प्रथम बार जोधपुर पहुचने पर वैश्य समाज के लोगो ने मुलाकात कर सामाजिक चर्चा की। इस दौरान भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष प्रसन्न चंद मेहता ने समाज के लोगो को प्रशस्त किया। इस दौरान डीआरयूसीसी सदस्य नागेंद्र प्रकाश संचेती भी मौजूद रहे।

आपसी चर्चा के बाद प्रदेश अध्यक्ष जैन ने जिलाध्यक्षों की नियुक्ति करते हुए जोधपुर शहर जिलाध्यक्ष के पद पर संजय मेहता को और जोधपुर देहात जिलाध्यक्ष के पद पर बावड़ी निवासी गौतम भंडारी को नियुक्त किया । इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष अनिल जैन का वैश्य समाज के लोगो द्वारा शॉल और दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया गया । इस दौरान जैन ने कहा कि वैश्य समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलेंगे और समाज मे आ रही समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेंगे । इस दौरान जैन ने दोनो जिलाध्यक्षों को शीघ्र ही जिला कार्यकारिणी बनाने के निर्देश दिए ।

### शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक आज

जोधपुर, 5 जनवरी (कासं)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक खान व गोपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया के मुख्य आतिथ्य तथा जिला अध्यक्ष सईद अंसारी की अध्यक्षता में 6 जनवरी को सुबह 11 महात्मा गांधी अस्पताल रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय में होगी। यह जानकारी महासचिव आनन्दसिंह चौहान ने दी।

## रेलवे में ठेका दिलाने के नाम पर फर्जी आईएएस ने सात लाख ठगे

जोधपुर, 5 जनवरी (कासं)। शहर के बनाड़ इलाके में रहने वाले एक ठेकेदार को रेलवे में ठेका दिलाने के नाम पर फर्जी आईएएस अफसर बनकर सात लाख की ठगी कर ली। उसने सात करोड़ का ठेका मिनिस्ट्री ऑफ रेलवे से दिलाने का झांसा दिया। घटना 12 दिसम्बर की है। मगर पीड़ित ने इस बारे में शनिवार को बनाड़ थाने में केस दर्ज करवाया। इस केस से संबंध में कुछ बदमाशों को मध्यप्रदेश पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बदमाशों के वहां पकड़े जाने पर पीड़ित कल बनाड़ थाने पहुंचा और केस दर्ज करवाया। जांच एसआई शिवलाल की तरफ से की जा रही है। बनाड़ थानाधिकारी अशोक आंजणा ने बताया कि मूलतः पीपाड़ शहर के मगले की ढाणी हाल बनाड़ के मदन मोहन विहार नगर निवासी महेंद्र पुत्र लादूराम विश्नोई की तरफ से यह रिपोर्ट दी गई।

इसमें बताया कि वह रेलवे का ठेका लेने संबंधी कार्य करता है। उसकी एक फर्म बनाड़ खोखरिया में बालाजी कंस्ट्रक्शन नाम से है। बारह दिसम्बर को उसके पास किसी सौरभ शुक्ला नाम के शख्स का फोन आया और खुद को मिनिस्ट्री ऑफ रेलवे में आईएएस होना बताया। उसने बताया कि वह मिनिस्ट्री ऑफ रेलवे से उसे 7 करोड का टेंडर दिलवा सकता है। इस बात पर विश्वास में आकर उसने झांसे में लिया और फिर खाते में एक ही किश्त में 6 लाख 97 हजार 143 रूपए डलवा दिए लेकिन बाद में फोन बंद आया। फिर काफी संपर्क साधने का प्रयास किया गया। इसमें ठेकेदार महेंद्र विश्नोई कामयाब नहीं हो पाया। इधर इस बीच उसे पता लगा कि कुछ बदमाश मध्यप्रदेश में इसी तरह की ठगी करते पकड़े गए है। तब वह बनाड़ थाने पहुंचा और केस दर्ज करवाया। इस बारे में अनुसंधान किया जा रहा

## नवजात शिशु की मौत पर एमडीएमएच में हंगामा

जोधपुर, 5 जनवरी (कासं)। मथुरा दास माथुर अस्पताल के मातृ शिशु केंद्र में शनिवार देर रात एक नवजात शिशु की मौत हो गई। नवजात शिशु की मौत के बाद परिजन चिकित्सकों की लापरवाही का आरोप लगाया और हंगामा किया।

नवजात शिशु के दादा सत्यनारायण भार्गव के अनुसार जनाना विंग के एक पलंग पर दो-दो महिलाओं को रखा गया। तिंवरी निवासी प्रसूता रेणु भार्गव पत्नी संजय भार्गव को गुरुवार को डिलेवरी के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। शनिवार रात को सीजर से डिलेवरी की गई। ऑपरेशन के बाद रेणु ने पुत्र को जन्म दिया। उसके बाद बच्चें को आईसोलेशन पर रखा गया। परिजनों का आरोप है कि चिकित्सकों ने ठीक से देखभाल नहीं की और लापरवाही के कारण बच्चें की मौत हो गई। इसको लेकर थोड़ी देर हंगामा किया।

### लोक अदालत 8 को

जोधपुर, 5 जनवरी (कासं)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आठ फरवरी को प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।

इस राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सभी प्रकृति के विवादों के निस्तारण होना है। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन और लंबित प्रकरणों को समाहित करते हुए शमनीय दांडिक अपराध, अंतर्गत धारा 138, परक्राम्य विलेख अधिनियम, धन वसूली मामले, एमएसीटी मामले, पारिवारिक विवाद (तलाक को छोड़कर), श्रम-विवाद, भूमि अधिग्रहण मामले, बिजली व पानी के बिल (चोरी के अलावा) मजदूरी भत्ते और पेंशन भत्तों से संबंधित सेवा मामले, राजस्व मामले, अन्य सिविल मामले (किराया, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा दावे एवं विनिर्दिष्ट पालना दावे) आदि का निस्तारण किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जोधपुर महानगर के अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश नरसिंहदास व्यास ने बताया कि मुख्य न्यायाधिपति एवं कार्यकारी अध्यक्ष महोदय, रालसा के निर्देशानुसार आठ फरवरी को प्रस्तावित प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए जोधपुर महानगर न्यायक्षेत्र में पदस्थापित समस्त न्यायिक अधिकारियों की बैठक आयोजित कर उन्हें विस्तृत दिशा निर्देश प्रदान कर दिए गए हैं साथ ही अधिक से अधिक प्रकरणों को निस्तारण करने पर जोर दिया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जोधपुर महानगर के सचिव सिद्धेश्वर पुरी ने बताया कि आगामी दिनों में अधिवक्तागणों, प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, बैंक, बीमा कंपनी, श्रम विवाद, राजस्व विभाग व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया जाएगा।

### सी फार्म तथा आईटीस मिसमेच की तिथि 31 मार्च की

जोधपुर, 5 जनवरी (कासं)। मरूधरा टैक्स बार एसोसिएशन के प्रेसीडेंट पीएम चौपड़ा तथा ऑल इंडिया फैडरेशन ऑफ टैक्स प्रेक्टिशनर्स सीजेड के सचिव देवेन्द्र कंसारा ने मुख्यमंत्री प्रमुख वित्ता सचिव आयुक्त व स्टेट जीएसटी को ईमेल व पत्र लिखकर पुराने घोषणा प्रपत्र सी फार्म तथा आईटीसी मिसमेच को स्वीकार करने की तिथि 31 मार्च करने के लिए अनुरोध किया था। कारण अभी आयकर में टाईम बार्ड एसेसमेंट को पूरा किया जा रहा है। अपीलें भी पेंडिंग पड़ी है और जीएसटी डिफोल्टर रिटर्न भी अभी पेंडिंग हैं। साथ ही आईटीसी वेरिफिकेशन की तिथि तथा सी फार्म प्रस्तुत करने की तिथि 31 दिसंबर है जो एक साथ प्रस्तुत करना संभव नहीं है। इस मांग को मानते हुए मुख्यमंत्री प्रमुख वित्त सचिव व आयुक्त स्टेट जीएसटी ने व्यापारियों, उद्योगपतियों सीए एडवोकेट, कर सलाहकारों और लोकल कर एसोसिएशन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक नोटिफिकेशन जारी कर इस तिथि को 31 दिसंबर से 31 मार्च कर दिया।



मरीजों की जांच करते चिकित्सक। जलतेदीप

### चिकित्सा जांच शिविर में 118 रोगी लाभान्वित

जोधपुर, 5 जनवरी (कासं)। लॉयंस क्लब जोधपुर मरूधरा व अरिहंत हॉस्पिटल पाल रोड के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को निःशुल्क रोग जांच व परामर्श शिविर में 118 लोगो की जांच की गई। क्लब के सचिव विजय अग्रवाल ने बताया कि शिविर में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, लिपिड प्रोफाइल, मोटापे की जांच, नेत्र ज्योति व बहरेपन, अस्थमा व दांतो के विभिन्न रोगों की जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा की गयी। वरिष्ठ चिकित्सकों डॉ कुलबीर सिंह चोपड़ा, डॉ संजय श्रीवास्तव, डॉ राजेश जैन, डॉ सीखा गांधी, डॉ राजीव जैन, डॉ दीपक भंडारी, दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ प्रवेक खेतानी व डॉ भूपेन गहलोत ने सेवायें दी। शिविर में क्लब के सुमेर सिंह कच्छवाह, नरेंद्र सिंह कच्छवाह, कमलेश खेतानी, राजेन्द्र दवे, हरदीप सिंह सलुजा, कमल सोनी व एसके शर्मा तथा स्थानीय नागरिक मंडल के नरेन्द्र शर्मा, गोविंद पुरी, रमेश जांगिड़, हरीश गोयल, चंदन सिंह व प्रीतम शर्मा ने सहयोग दिया।

### भागवत कथा को लेकर भूमि पूजन किया, शोभायात्रा आज

जोधपुर, 5 जनवरी (कासं)। राधा रानी सेवा समिति तथा मौहल्ला विकास समिति के सेक्टर प्रतापनगर द्वारा आयोजित भागवत कथा को लेकर पंडित दामोदर भारद्वाज के सानिध्य में रविवार को भूमि पूजन किया गया। मनीष कुमार चितारा ने बताया कि वृंदावन वाले पंडित दामोदर भारद्वाज 7 से 13 जनवरी तक प्रतापनगर 'के' सेक्टर स्थित पुलिस चौकी के पीछे जय अंबे मां पार्क में भागवत कथा का वाचन करेंगे। इसको लेकर भूमि पूजन किया गया। कथा प्रतिदिन 1.15 बजे से शाम 5.15 बजे तक होगी। सोमवार को सुबह 11.15 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा विद्युतेश्वर महादेव मन्दिर से रवाना होकर गाजे-बाजे के साथ कथा स्थल पहुंचेगी।

### महावीर प्रसादी एवं नवकार महामंत्र जाप की तैयारियां शुरू

जोधपुर, 5 जनवरी (कासं)। महावीर प्रसादी की तैयारियों को लेकर भगवान महावीर जन्म महोत्सव प्रसादी समिति की एक बैठक शहर के भीतरी क्षेत्र स्थित ओसवालों के न्याति नोहरे में आयोजित की गई। प्रसादी समिति के आनंद हुण्डिया ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भगवान महावीर जयंति के उपलक्ष में समिति द्वारा 'सत्रहवीं महावीर महाप्रसादी एवं नवकार महामंत्र जाप' का आयोजन महावीर जयंती के दिन 6 अप्रेल को दोपहर 3 बजे से सूर्यास्त तक प्रतापनगर गुरों का तालाब रोड स्थित आदर्श स्कूल प्रांगण में किया जाएगा जिमसें जैन समाज के हजारों स्वजाति परिवारजन भाग लेंगे। बैठक में कुशलचंद नाहटा, राजेश सांड, नरेंद्र मोहनोत, चौथमल धारीवाल, श्याम भंडारी, शरद सुराणा, मोहनलाल लूंकड, मोहनराज मेहता, आलोक पारख, विरेंद्र पटवा, प्रवीण सुराणा सहित बडी संख्या में समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे।

### भगवताचार्य कृष्णमुरारी और सरोज प्रिया का स्वागत

जोधपुर, 5 जनवरी (कासं)। राजस्थान ब्राह्मण सेवा परिषद की गौ सेवा व समाज सेवा प्रकोष्ठ व भारतीय अटल सेना की ओर से रविवार को भगवताचार्य कृष्णमुरारी महाराज व सरोज प्रिया का स्वागत किया गया। प्रकोष्ठ के अध्यक्ष व सेना के प्रदेश प्रवक्ता संजीव व्यास ने बताया कि चौ.हा.बोर्ड स्थित दुर्गा पार्क में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के अवसर पर श्यामसुंदर व्यास, अनुसूया व्यास, सूर्यप्रकाश मिश्रा व अंकित पुरोहित के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सात दिवसीय कथा में रविवार को प्रथम दिवस पर कथावाचक द्वारा ध्यान, वैराग्य व महाऋर्षि नारद की कथा का वाचन किया। इससे पूर्व श्रीमती मंजू थानवी व नटवर थानवी सानिध्य में मंगल कलश यात्रा निकाली गई। अंत में प्लास्टिक प्रयोग नहीं की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्रेरणा त्रिवेदी, श्रीकांत व्यास, सहित बडी संख्या में भक्तजन मौजूद थे।

### क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

जोधपुर, 5 जनवरी (कासं)। सिंधी सारस्वत समाज के अखिल भारतीय स्तर पर दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 6 जनवरी से होगा।आयोजन कमेटी के बीडी शर्मा ने बताया कि पंडित हीरानंद लोकुराम (टन्डोजाम) ट्रस्ट जोधपुर के तत्वावधान में होने वाली यह प्रतियोगिता वीरू क्रिकेट अकेडमी क्रिकेट ग्राउंडपाल सांगरिया रोड पर खेली जाएगी। उन्होंने बताया कि 10 टीमें हिस्सा लेंगी। देश के विभिन्न शहरों से खिलाड़ी अपना प्रदर्शन दिखाएंगे। वड़ोदरा, वेरावल, जयपुर, अजमेर, जूनागढ़, जेतपुर, कच्छ सहित कई शहरों के युवाओं को मौका मिलेगा। सभी मैच दिन के सत्र में होंगे। मैच के मुख्य अतिथि राजस्थान उच्च न्यायालय के रिटायर्ड न्यायाधीश गोपाल कृष्ण व्यास होंगे।

### आरडी बर्मन नाईट में गूंजे देशभक्ति व पुराने नगमें

जोधपुर, 5 जनवरी (कासं)। नवोदित सांस्कृतिक संगीत कला प्रतिभा खोज एवं उत्थान संस्थान की ओर से संगीतमयी आरडी बर्मन की पुराने नग्मों की सुरमई सांझ व मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक सुनिल ओझा ने बताया कि सूचना केंद्र के मिनी ऑडिटोरियम में संगीतमयी आरडी बर्मन की पुराने नग्मों की सुरमई सांझ व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में आसिफ बेलीम, रमेशचंद्र दुबे, राज पंडित, मुकेश कुमार, आनंद, कुलदीप, शिवानी दुबे, रश्मि, प्रशांत, रशीद, युसुफ अनुप कुमार व दिलीप चौहान ने पुराने नगमे सुनाकर श्रोताओं को साथ साथ गाने पर मजबूर कर दिया व नग्मों व गीतों पर खचाखच भरे ऑडिटोरियम के श्रोता झूम उठे।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रशांत कल्ला, मोहम्मद रशीद, सरदार धर्मेन्द्रसिंह, अतिक सिद्धिकी, संजीव व्यास, अमित व्यास, संजू व्यास, सोनू जेठवानी व फिरोज भाई मौजूद थे। अतिथियों ने सभी गायक कलाकारों का व भामाशाहों को माला, स्मृति चिन्ह एवं शॉल ओढाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अनिल दाधीच, निजामुदीन, जयगोपाल पुरोहित, सलीम, राजू कादरी, श्रीकांत व्यास, सुशील व्यास, किशन पंवार, तैयब रंगरेज सहित बडी संख्या में श्रोतागण मौजूद थे। मंच का संचालन राकेश जोशी ने किया। अंत में संस्था अध्यक्ष आसिफ बेलीम ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

दैनिक
# जलते दीप

जयपुर, सोमवार 6 जनवरी 2020

## अमेरिकी आक्रामकता

किसी देश के सैन्य प्रमुख को हमला करके मार देने का अर्थ सिर्फ एक ही होता है, उस देश के खिलाफ युद्ध का एलान। अमेरिका ने एक झटके में पश्चिम एशिया को युद्ध की ओर धकेल दिया है। किसी भी तरह का सैनिक संघर्ष अगर हुआ, तो बात सिर्फ अमेरिका और ईरान तक सीमित नहीं रहेगी, इसका ताप पूरी दुनिया को ही कई दाग देगा। जैसे ही यह खबर आई कि अमेरिकी ड्रोन ने इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कोर के प्रमुख कासिम सुलेमानी को इराक के बगदाद हवाई अड्डे के पास मार गिराया, विश्व बाजार में पेट्रोलियम के भाव एकाएक बढ़ गए। इस हमले में इराकी मिलीशिया के कमांडर अबू मेंहदी समेत सात और लोग मारे गए हैं। जाहिर है, यह मामला सिर्फ ईरान और अमेरिका तक सीमित नहीं है, इराक भी इस हमले के लपेटे में आ गया है। हमला जिस तरह से अचानक हुआ, उसने पश्चिम एशिया को ही नहीं, पूरी दुनिया को, यहां तक कि खुद अमेरिका के लोगों को भी चौंका दिया। ईरान और अमेरिका के बीच तनाव पिछले काफी समय से बढ़ रहा था, यह भी लग रहा था कि वे दोनों सीधे टकराव की ओर बढ़ रहे हैं। लेकिन यह किसी ने नहीं सोचा था कि संघर्ष की इतनी आक्रामक पहल अमेरिका की ओर से होगी। ईरान के लिए कासिम सुलेमानी का क्या महत्व है, इसे इससे समझा जा सकता है कि वह सिर्फ वहां की सेना के प्रमुख ही नहीं थे, माना जाता है कि वह वहां के धार्मिक नेता आयतुल्लाह खामेनेई के बाद वहां के सबसे लोकप्रिय शख्स भी थे। जाहिर है, ईरान भी इस हमले को हल्के में नहीं ले सकता, उसने भी बदला लेने की धमकी दे दी है। तनाव इतना ज्यादा है कि कुछ विश्लेषक यहां तक कह रहे हैं कि यह आग दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध की ओर ले जा सकती है। उम्मीद करनी चाहिए कि मामला इतना नहीं बढ़ेगा और इस तनाव में पूरी दुनिया के देश शामिल नहीं होंगे। लेकिन यह भी सच है कि शायद ही दुनिया का कोई ऐसा देश होगा, जो इस तनाव की मार से बच पाएगा। फारस की खाड़ी में जब भी तनाव हुआ है, तो तेल के दाम आसमान पर पहुंचे हैं। इस समय संकट यह भी है कि पूरी दुनिया मंदी से त्रस्त है और तेल के दामों में होने वाली कोई भी बढ़ोतरी सभी लोगों और देशों के कष्टों को बहुत ज्यादा बढ़ा सकती है। लेकिन यह भविष्य की बात है। फिलहाल तो पूरी दुनिया इस सवाल से जूझ रही है कि अमेरिका के लिए अचानक ऐसी कार्रवाई की क्या जरूरत आन पड़ी थी। डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद से ईरान और अमेरिका जिस तरह से उलझे हैं, उसमें किसी भी अनहोनी के होने की आशंका हमेशा से ही मंडरा रही थी। इस हमले के बाद एक और महत्वपूर्ण चीज यह हुई है कि अमेरिका ने न सिर्फ कार्रवाई की बात स्वीकार की है, बल्कि यह भी कहा कि यह कदम राष्ट्रपति ट्रंप के निर्देश पर उठाया गया है।

## वित्त प्रबंधन मामला

यह निराशाजनक है कि प्रदेश की सरकारी स्कूलों में मिड डे मील और अन्नपूर्णा दूध योजनाएं व्यवस्थित ढंग से नहीं चल पा रही है। इन योजनाओं के लिए वित्त का प्रबंधन गड़बड़ा रहा है। इस कारण इन योजनाओं को जारी रखने के लिए संस्था प्रधान व शिक्षक अपनी जेब से पैसा लगा रहे हैं, या फिर उधार से काम चला रहे हैं। राजस्थान शिक्षक एवं पंचायती राज कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष का कहना है कि राज्य सरकार नौ माह से शिक्षकों को मिड डे मील और दो माह से दूध की राशि रोक कर बैठी है। शिक्षक अपना घर चलाएं या सरकारी योजनाएं? सरकार समय रहते नहीं चेती तो शिक्षक आंदोलन करेंगे। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, सिंधियों की ढाणी, रामपुरा भाटियान के हैडमास्टर ने बताया कि उनकी स्कूल का कम से कम 1 लाख रूपया बकाया है। वे जेब से पैसे देकर बच्चों को दोपहर का भोजन खिला रहे हैं। स्कूलों में खाना पकाने वाली कुक कम हेल्पर का मानदेय भी लंबे समय से बकाया है। इन गरीबों के लिए घर चलाना मुश्किल हो गया है। उधारी में दाल, मसालें, तेल, फल, मंगवाये जा रहे हैं। यह केवल उनकी नहीं सैकड़ों स्कूलों की समस्या है। इससे ज्यादा बुरी हालत और क्या हो सकती है। उल्लेखनीय है कि गांवों की स्कूलों में बच्चों के लिए दोपहर का भोजन तैयार करने वाले कुक कम हेल्पर को भी मानदेय नहीं दिया जा रहा है। कई जगह पर तो कुक कम हेल्पर काम छोड़कर जाने की तैयारी में है। हालत यह है यह राष्ट्रीय कार्यक्रम चलाना शिक्षकों के लिए चुनौती बन गया है। सरकारी स्कूलों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नहीं होने से अन्नपूर्णा योजना के तहत बच्चों को दूध पिलाना वैसे ही शिक्षकों के लिए सिरदर्द बना हुआ है। दूसरी ओर प्राथमिक शिक्षा मुख्यालय की ओर से कहा जा रहा है कि कुकिंग कन्वर्जन व कुक हेल्पर का भुगतान एक सप्ताह मे होने की पूरी संभावना है। दूध के नवंबर माह के बिल ट्रेजरी से पास हो चुके हैं, उनका इसी एस होना शेष है। यह बात सही है कि बकाया राशि का भुगतान आज नहीं तो कल देर सवेरा हो जाएगा। लेकिन सवाल यह है कि ऐसी अत्यंत महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए वित्तीय प्रबंधन सही समय पर क्यों नहीं हो रहा है? ऐसी योजनाएं पैसों से ही चलती हैं। समय पर पैसा नहीं मिलने से योजनाएं प्रभावित होती हैं और शिक्षकों को भी परेशानियां और समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उनको भुगतान पड़ता है। यदि सरकार समय पर वित्तीय व्यवस्थाएं करने में समर्थ नहीं है तो फिर ये योजनाएं शुरू ही क्यों की गई? इस मामले में सरकार को गंभीरता से सोचना चाहिए और इन योजनाओं को सुचारू और प्रभावी ढंग से चलाने के लिए सभी प्रबंधन उचित ढंग से करना चाहिए। शिक्षकों का मुख्य कार्य शिक्षण है। उनका शिक्षण प्रभावित नहीं होना चाहिए।

## ।। दसवां वेद ।।

-जुगल परिहार

**दूहो दसमों वेद समझै तेनै सालै**

### 8757. बीतै सो जाणै मन्न

**कर घाल्यो लख कामळी, तकी बिलमी तन्न।**
**जळ ऊंडो थळ है नहीं, बीतै सो जाणै मन्न।।**

मैंने तो काला कंबल समझ कर हाथ डाला था, लेकिन यह तो और ही बला निकली और मुझसे लिपट गई। जल बहुत गहरा है, पैर रखने की जगह नहीं है जो मुझ पर बीत रही है, उसे मन ही मन जानता है।

एक जाट के पास सौ से ऊपर भेड़े और बकरियां थी। एक दिन उसने सोचा कि क्यों न ऊंट खरीद लिये जायं। सो उसने सारी भेडों और बकरियां बेचकर कुछ ऊंट खरीद लिए। फिर उसने सोचा कि ऊंटों की बजाय घोड़ी रखना ज्यादा अच्छा है और उसने ऊंटों को बेचकर एक घोड़ी खरीद ली। एक दिन घोड़ी बीमार हुई और मरने लगी तो उसके होश उड़ गए। वह चिल्ला चिल्ला कर रोने लगा कि अरे, मेरे सौ एक पशु मर रहे हैं। उसका चिल्लाना सुनकर लोग बाग इकठटे हो गए। उन्होंने देखा कि मर तो एक घोड़ी रही है वे बोले कि तू कितना झूठा है, जो एक घोड़ी के बदल सौ एक पशु बतला रहा है। इस पर जाट ने रोते हुए कहा कि आप लोगों को क्या मालूम? मैनें यह घोड़ी सौ-एक भेडे और बकरियां बेचकर खरीद थी। इसलिए इसके मरने का अर्थ उन सौ एक भेड बकरियों का मरना ही तो हुआ। **(समाप्त)**

एक जाट का ऊंट मर गया तो वह बेकार हो गया। अब वह न शहर से बोझ ढाकर मजदूरी कर सकता था और न खेती ही कर सकता था। नतीजतन वह बिलकुल निश्चित होकर छैलछबीला बना आवारा घूमा करता। पास के शहर में एक सेठ के यहां उसका आना जाना था। एक दिन सेठ ने उससे पूछा कि चौधरी, आजकल तो बहुत छैल चिकनिया बना रहता है, क्या बात है? जाट ने कहा कि सेठजी, आजकल तीन सौ रूपये रोज कमाता हूं। सेठ ने आश्चर्य से पूछा कि कैसे ? जाट ने बडी तत्परता से उतर दिया कि मेरा ऊंट मर गया है, जो वास्तव में दो सौ रूपये का था। लेकिन आजकल जो भी कोई पूछता है, मैं कहता हूं कि मेरा पांच सौ रूपये का ऊंट था। इस प्रकार आजकल तीन सौ रूपये नित्य कमाता हूं। **(समाप्त)**

एक जाट नदी के किनारे खड़ा था। दूर से उसे कोई काली चीज नहीं में तैरती दिखाई दी। जाट ने सोचा कि कोई बढिया काले रंग का कंबल लगता है, उसे निकालना चाहिए। वह उसे निकालने के लिए नदी में कूद पड़ा और तैरते तैरते उसके पास जा पहुंचा। लेकिन जब उसने उस काली चीज को हाथ से कस कर पकड़ा, तो उसे मालूम हुआ कि यह गया और जाट को अपने आप को उसे छुड़ाना मुश्किल हो गया। अब वह रोने लगा कि यह क्या का क्या हो गया? अब मैं इससे पिंड छुडाऊं तो छुडाऊं कैसे? भगवान जाने अब क्या होगा?

# युवाओं की भूमिका पर 'मन की बात'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यक्रम 'मन की बात' में देश की युवापीढ़ी के मन को समझने एवं समझाने की कोशिश की। परिवर्तन की लहर विकास की नाव पर सवार है, लेकिन परिवर्तन के बहुरंगी, विविध आयामी पक्षों के बीच जाते हुए वर्ष में युवा-आक्रोश का उभरना या उभारने के षडयंत्रपूर्ण दृश्यों को समझना जरूरी है, ताकि हम समझ पाएं कि आगे बढ़ते देश के निर्माण में युवा सहभागिता कितनी और किस हद तक महत्वपूर्ण है। हाल के राजनीतिक परिदृश्यों ने राममंदिर, अनुच्छेद 370, तीन तलाक कानून, एनआरसी और नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) की संभावना को पूरजोर तरीके से प्रकट किया है और इन मुद्दों पर युवा-सोच भी नये तेवरों के साथ सामने आयी है। युवा-सोच में राजनीति को व्यक्ति नहीं, विचार और विश्वास आधारित बनाना होगा। चेहरा नहीं, चरित्र को प्राथमिकता देनी होगी।



मोदी ने जो कुछ कहा उससे और खासकर इस बात से असहमत नहीं हुआ जा सकता कि आज के युवा व्यवस्था, अनुशासन एवं पारदर्शिता को पसन्द करते हैं और वे न केवल उसका पालन करते हैं, बल्कि यदि सिस्टम ढंग से काम न करे तो सवाल भी करते हैं, रोष भी व्यक्त करते हैं। वास्तव में हम सब भारत की उस युवा पीढ़ी का उभार देख भी सकते हैं जो न केवल नियम-कायदों के हिसाब से चलना पसंद कर रही है, बल्कि यह भी चाह रही है कि अन्य सभी ऐसा करें। राजनीतिक अपराधीकरण, आतंकवाद एवं बेरोजगारी को लेकर सबसे ज्यादा युवा परेशान है, हालांकि आर्थिक और राजनीतिक भ्रष्टाचार की चिंता भी उन्हें परेशान किए हुए है। हमारे देश में सरकारी मशीनरी एवं राजनीतिक व्यवस्थाएं सभी रोगग्रस्त हैं। वे अब तक अपने आपको सिद्धांतों और अनुशासन में ढाल नहीं सके। कारण राष्ट्र का चरित्र कभी इस प्रकार उभर नहीं सका। युवापीढ़ी देश की राजनीति में पारदर्शिता एवं नैतिकता चाहती है, यही कारण है कि नरेन्द्र मोदी की नीतियों को इसी युवापीढ़ी ने सबसे ज्यादा बल दिया एवं पसन्द किया है।

मन की बात में युवाओं से मुखातिब होकर मोदी ने न केवल अपने मन की बात कही बल्कि देश के नवनिर्माण की आवश्यकता व्यक्त की। किसी भी देश की ऐसी युवा पीढ़ी व्यवस्था को बदलने के साथ ही उस माहौल का निर्माण करने में भी सहायक बनती है, जो पुराने ढर्रे को बदलने के लिए आवश्यक होता है। विडंबना यह है कि कुछ लोग और खासकर नेताओं का एक वर्ग अभी भी पुराने ढर्रे पर चलना पसंद कर रहा है। प्रश्न यह भी है कि राजनीतिक दल एवं राजनेता अपने ही युवाओं के जीवन से जुड़े बुनियादी मुद्दों को तवज्जों क्यों नहीं देती? भारतीय राजनीति की यह सबसे बड़ी कमजोरी रही है। शेक्सपीयर ने कहा था- दुर्बलता! तेरा नाम स्त्री है। पर आज अगर शेक्सपीयर होता तो इस परिप्रेक्ष्य में, कहता दुर्बलता! तेरा नाम भारतीय राजनीति है। आदर्श सदैव ऊपर से आते हैं। पर शीर्ष पर आज इसका अभाव है। वहां मूल्य बन ही नहीं रहे हैं, फलस्वरूप नीचे तक, साधारण से साधारण संस्थाएं, संगठनों और मंचों तक राजनीतिक स्वार्थ सिद्धि और नफा-नुकसान छाया हुआ है।

**- ललित गर्ग**

सोच का मापदण्ड मूल्यों से हटकर राजनीतिक निजी हितों पर ठहर गया है। राष्ट्रीय चरित्र निर्माण की कहीं कोई आवाज उठती भी है तो ऐसा लगने लगता है कि यह विजातीय तत्व है जो हमारे जीवन में घुस रहा है। यही कारण है कि व्यवस्था में बदलाव और सुधार की कोशिशों का विरोध होते हुए दिखता है। यह विरोध वे लोग करते हैं जो भाई-भतीजावाद, परिवारवाद और अपारदर्शी व्यवस्था के पोषक हैं। इनका बस चले तो वे शायद कोटा-परमिट वाली व्यवस्था को फिर से लागू करने की वकालत करने लगें। सच तो यह है दबे-छिपे स्वरों में यह वकालत होती भी है।

प्रधानमंत्री ने यह सही कहा कि आने वाले दशक को गति देने में वे लोग ज्यादा सक्रिय भूमिका निभाएंगे जिनका जन्म इक्कीसवीं सदी में हुआ है। इससे इन्कार नहीं कि बीते वर्षों में व्यवस्था के स्तर पर काफी कुछ बदला है, लेकिन यह भी सही है कि अभी बहुत कुछ बदले जाने की आवश्यकता है। इस आवश्यकता की पूर्ति में सजग और अनुशासनप्रिय युवाओं की एक बड़ी भूमिका रहने वाली है। कुशलता बढ़ाने पर बेहतर ध्यान देना चाहिए ताकि अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा में टिक सकें। सरकार को भ्रष्टाचार दूर करना चाहिए। कर-नीतियों में विषमता की दर कम होनी चाहिए। इस तरह जो अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हो उसका उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य व सामाजिक सुरक्षा सुधारने के लिए करना चाहिए। क्या देश मुट्ठीभर राजनीतिज्ञों और पूंजीपतियों की बपौती बनकर रह गया है? चुनाव प्रचार करने हैलीकॉप्टर से जाएंगे पर उनकी जिंदगी संवारने के लिए कुछ नहीं करेंगे। तब उनके पास बजट की कमी रहती है। लोकतंत्र के मुखपृष्ठ पर ऐसे बहुत धब्बे हैं, अंधेरे हैं, वहां मुखौटे हैं, गलत तत्त्व हैं, खुला आकाश नहीं है। मानो प्रजातंत्र न होकर सज़ातंत्र हो गया। क्या इसी तरह नया भारत निर्मित होगा? राजनीति सोच एवं व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन हो ताकि अब कोई गरीब नमक और रोटी के लिए आत्महत्या नहीं करें और किसी युवा के सपनें आधे-अधूरे न रह जायें।

भारत की युवापीढ़ी मौलिकताप्रिय है। क्योंकि कोई भी व्यक्ति दूसरों की नकल कर आज तक महान् नहीं बन सका। सफलता का अनुकरण नहीं किया जा सकता। मौलिकता अपने आप में एक शक्ति है जो व्यक्ति की अपनी रचना होती है एवं उसी का सम्मान होता है। संसार उसी को प्रणाम करता है जो भीड़ में से अपना सिर ऊंचा उठाने की हिम्मत करता है, जो अपने अस्तित्व का भान कराता है। नरेन्द्र मोदी को इसीलिये युवा पसन्द करते हैं कि उन्होंने मौलिकता के शिखर गढ़े हैं।

मौलिकता की आज जितनी कीमत है, उतनी ही सदैव रही है। जिस व्यक्ति के पास अपना कोई मौलिक विचार है तो संसार उसके लिए रास्ता छोड़ कर एक तरफ हट जाता है और उसे आगे बढ़ने देता है। मौलिक विचारक तथा काम के नये तरीके खोज निकालने वाला व्यक्ति ही समाज की सबसे बड़ी रचनात्मक शक्ति होता है। अन्यथा ऐसे लोगों से दुनिया भरी पड़ी है जो पीछे-पीछे चलना चाहते हैं और चाहते हैं कि सोचने का काम कोई और ही करे।

चलते व्यक्ति के साथ कदम मिलाकर नहीं चलने की अपेक्षा उसे अड़ंगी लगाते हैं। सांप तो काल आने पर काटता है पर दुर्जन तो पग-पग पर काटता है। यह निश्चित है कि सार्वजनिक जीवन में सभी एक विचारधारा, एक शैली व एक स्वभाव के व्यक्ति नहीं होते। अतः आवश्यकता है दायित्व के प्रति ईमानदारी के साथ-साथ आपसी तालमेल व एक-दूसरे के प्रति गहरी समझ की। संभवतः युवाओं की इसी भूमिका को रेखांकित करने के लिए प्रधानमंत्री ने यह कहा कि देश के युवाओं को अराजकता, अव्यवस्था आदि से चिढ़ है और वे परिवारवाद, जातिवाद, साम्प्रदायिक संकीर्णता को पसंद नहीं करते। इसका सीधा मतलब है कि युवाओं को अराजकता से दूर रहने के साथ ही उन शक्तियों से सतर्क रहने की भी जरूरत है जो उन्हें गुमराह करती हैं। ईमानदार होना आज अवगुण है। अपराध के खिलाफ कदम उठाना पाप हो गया है। धर्म और अध्यात्म में रुचि लेना साम्प्रदायिक माना जाने लगा है। किसी अनियमितता का पर्दाफाश करना पूर्वाग्रह माना जाता है। सत्य बोलना अहम् पालने की श्रेणी में आता है। साफगोही अव्यावहारिक है। भ्रष्टाचार को प्रश्रय नहीं देना समय को नहीं पहचानना है। आखिर नयी गढ़ी जा रही ये परिभाषाएं समाज और राष्ट्र को किन वीभत्स दिशाओं में धकेल रही है? विकासवाद की तेज आंधी के बावजूद हमारा देश, हमारा समाज तरह-तरह के बंधनों में आज भी जकड़ा हुआ है। उसमें न आत्मबल है, न नैतिक बल। सुधार की, नैतिकता की बात कोई सुनता नहीं है। दूर-दूर तक कहीं रोशनी नहीं दिख रही है। बड़ी अंधेरी रात है। इन जटिलताओं के बीच युवा-भूमिका अधिक महत्वपूर्ण है, रोशनी के लिये युवाओं को ही नन्हें-नन्हें दीपक बनना होगा।

## जल तरंग

### कुड़कुड़ाते कम्बल मांगे अलाव

*ठंड इस बार अलग मूड में है। कई जगह पारा भी कुड़कुड़ाते हुए जम गया है। अलाव खुद कम्बल मांग रहे हैं। ठंड रोज अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर नया रिकॉर्ड बना रही है। कभी-कभी लगता है कि ठंड का कोई न कोई नाता धावक उसेन बोल्ट या पोल वॉल्ट चैंपियन रहे सर्गेई बुबका से है, जो खुद ही अपना रिकॉर्ड तोड़ते थे। इन खिलाड़ियों के दौर में बाकी खिलाड़ी इस चक्कर में फंसते ही नहीं थे कि इनका रिकॉर्ड तोड़ा जाए। ठंड का भी यही हाल है। अखबार में रोज ठंड की 87-88-100 साल पुराने रिकॉर्ड टूटने की खबरें आ रही हैं। इस चक्कर में सामान्य ज्ञान रटने वाले बच्चे परेशान हैं क्योंकि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि आखिर किस साल सबसे ज्यादा ठंड पड़ी थी? चिंता है कि एक दिन का अखबार देखने से चूके तो उत्तर गलत हो सकता है।*

*मैं कन्फ्यूज हूं कि रोज अपना ही रिकॉर्ड धराशायी कर ठंड आखिर साबित क्या करना चाहती है? क्या अपने अपमान से आहत होकर ठंड कारनामा दिखा रही है? क्योंकि उत्तर भारत में अक्सर लोग कहते दिखते हैं कि दो-चार दिन ठंड पड़ती है, क्या करना ज्यादा ऊनी कपड़े खरीदकर। शायद उसने इसे इंसल्ट माना हो। यह भी हो सकता है कि ठंड लोगों को फिल्मी अंदाज में संदेश देना चाहती हो– 'मैं रजाई के अंदर तक आती हूं लेकिन समझ में नहीं।' मुमकिन है कि ठंड प्रदर्शनकारियों के प्रदर्शन से खफा हो। ठंड को लग रहा हो कि प्रदर्शनकारी उसका कतई लोड नहीं ले रहे हैं, इसलिए वो रोज अपना रिक़ॉर्ड तोड़कर उनका इम्तिहान ले रही हो।*

*इस भीषण ठंड में सरकारी कर्मचारी डिमांड कर रहे हैं कि महंगाई भत्ते की तरह ठंड भत्ता भी आरंभ किया जाए। आज एक ढंग की जैकेट पांच हजार से कम की नहीं है। प्राइवेट कंपनियों के कर्मचारी जानते हैं कि ठंड भत्ता असंभव है तो वो ठंड की छुट्टियां मांग रहे हैं। ठंड को लेकिन किसी की मांग-वांग से क्या, वो अपने स्टाइल में है। उसे शायद इस साल अनूठा रिकॉर्ड बनाना है, जो कभी टूट न सके। लेकिन ऐसा कहां होता है भला? रिकॉर्ड होते ही टूटने के लिए हैं। जीप घोटाले से शुरू हुआ भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड टूटते-टूटते ऐसे मोड़ पर आ गया कि भ्रष्टाचार की रकम गिनना ही मुश्किल है। महंगाई के रिकॉर्ड साल दर साल टूटते ही गए। 'आगरानामा' किताब में एक जगह जिक्र है कि 1936 में एक तोला सोने की कीमत 36 रुपए थी, आज 40 हजार रुपया से ज्यादा है। शेयर बाजार को ही लीजिए। 25 जुलाई, 1990 को सेंसेक्स ने एक हजार अंक छूने का रिकॉर्ड बनाया था। उसके बाद कई बार मंदी आई और गई, सेंसेक्स अपना रिकॉर्ड तोड़ता रहा। अब कभी 40 हजार पार कर चला जाता है। ठंड को कोई समझाए कि अब अपना रिकॉर्ड दो-चार साल बाद तोड़ ले। फिलहाल, बस करे।*

# पर्यावरण की साथी स्त्रियां

पर्यावरण आंदोलन के उदय का मुख्य कारण पर्यावरणीय विनाश ही रहा है। आलोचकों का कहना है कि स्वाधीनता पाने के बाद से पश्चिमी अनुभव पर आधारित आर्थिक विकास के प्रतिमानों की नकल उतारने की वजह से भारत में प्राकृतिक संसाधनों पर संघर्ष तीव्र हुए। दूसरा, विकास योजनाओं का संसाधनों के सामाजिक पहलुओं से अनजान होना भी संसाधनों के शोषण और उस पर निर्भर लाखों ग्रामवासियों की बदहाली का कारण है। लेकिन वास्तविकता यह नहीं है। सच्चाई यह है कि विकास का सीधा आशय पुरुष प्रधान समाज का विकास है, क्योंकि विकास की रूपरेखा महिलाओं की मूलभूत आवश्यकताओं से अपरिचित रहती है। जबकि महिलाओं की ये आवश्यकताएं उनकी अपनी नहीं, पूरे परिवार की होती हैं। इसी कारण महिलाएं सबसे ज्यादा विकास की नीतियों में प्रभावित भी रही हैं। इतिहासकार रामचंद्र गुहा ने लिखा भी है कि पर्यावरण का विनाश साफ तौर पर हाशिये पर रह रही संस्कृतियों और पेशों, जैसे आदिवासी, बंजारे, मछुआरे और कारीगरों पर सबसे बड़ा खतरा है, जो हमेशा से ही अपने अस्तित्व के लिए अपने आस-पास की प्रकृति पर निर्भर रहे हैं। लेकिन जैव ईंधन के स्रोतों के विनाश का सबसे बड़ा असर महिलाओं पर पड़ा है।

पर्यावरण आंदोलन की शुरुआत उत्तराखंड से हुई थी, और वह भी महिलाओं के माध्यम से। पर्यावरण आंदोलन का भी अपना लंबा इतिहास रहा है। इस इतिहास पर गौर करें तो उत्तराखंड में पहला आंदोलन औपनिवेशिक काल के दौरान 1921 में हुआ। पर्यावरण को लेकर दूसरा आंदोलन 26 मार्च 1974 को हुआ था, जो आजादी के बाद का पहला बड़ा पर्यावरण आंदोलन था, जिसे चिपको आंदोलन के नाम से भी जाना जाता है। यह आंदोलन दसौली ग्राम सेवा संघ (डीजीएसएस) में शुरुआती दौर में चंडी प्रसाद भट्ट के नेतृत्व में मंडल गांव से शुरू होकर अलकनंदा घाटी के कई गांवों में फैला था।

इस विरोध ने बाद में आंदोलन का रूप अख्तियार कर लिया, जिसमें गौरा देवी के नेतृत्व में महिला मंडल दल की सत्ताईस औरतें पेड़ों की रक्षा के लिए पेड़ों से चिपक गई थीं और ठेकेदारों व वन अधिकारियों का विरोध करते हुए कहा था- 'यह जंगल हमारा मायका है। हम अपनी पूरी ताकत से इसे बचाएंगे।' रेनी गांव की घटना से पहले आंदोलन पूरी तरह पुरुषों का मामला था। परंतु इस घटना के बाद चिपको आंदोलन के संघर्ष में महिलाओं की भूमिका बढ़ने लगी। इसी क्रम में एक फरवरी को अडवाणी गांव में पेड़ों की रक्षा में वहां की महिलाएं यह कहते हुए पेड़ों पर चिपक गई थीं कि 'पेड़ नहीं, हम कटेंगे'। नौ फरवरी 1978 को नरेंद्र नगर, 25 दिसंबर 1978 को मालागाड्डी क्षेत्र से होता हुआ पूरे उत्तराखंड में फैला यह आंदोलन महिलाओं का आंदोलन बना।

उत्तराखंड का ही चिपको आंदोलन दक्षिण में अप्पिको आंदोलन बना। इस तरह पर्यावरण संरक्षण को लेकर विरोध दर्ज कराने में लोगों में सजगता आई। वनों के संरक्षण के साथ-साथ महिलाओं द्वारा 1990 में बीज बचाओ आंदोलन में भी सक्रिय रूप से भागीदारी दी गई। भले ही आंदोलन के अगुआ पुरुष रहे हों, बावजूद जमीनी स्तर पर इसे महिलाओं ने पोषित किया। इस अभियान के दौरान गांव-गांव

**- भावना मासलीवाल**

जाकर परंपरागत बीज इक्कठे किए गए, उन्हें गांव वालों को वितरित किया गया और उनको खेतों में जाकर बोया गया। इस अभियान से चावल की लगभग दो सौ किस्मों, राजमा की डेढ़ सौ किस्मों और बीजों की कई प्रजातियों को लुप्त होने से बचाया गया।

इसी तरह एक अन्य आंदोलन मैत्री योजना के रूप में 1995 में हुआ था। यह उत्तराखंड के नंगे पहाड़ों को फिर से हरा-भरा करने के लिए चलाया गया आंदोलन था। इसमें विवाह पूर्व लड़कियां वृक्ष के पौधों को तैयार करती हैं और विवाह की तिथि को बतौर यादगार नव-



विवाहित दंपतियों द्वारा पौधों को निर्धारित वन क्षेत्र में रोपा जाता है। इस तरह से पर्यावरण आंदोलन और महिलाओं का एक गहरा रिश्ता जुड़ जाता है। ऐसे में जब हम महिला और किसान की बात करते हैं तो लोगों को सुनने में थोड़ा अटपटा लगता है और यह अटपटापन कुछ और नहीं, हमारा नजरिया है जो समस्याओं को बढ़ा देता है। इसे हम अपने आसपास के जीवन में किसानों में भी महिला किसानों के जरिए जान सकते हैं।

किसान जीवन और उनकी समस्याओं पर तो व्यापक साहित्य उपलब्ध है। क्या कभी किसी ने सोचा है कि महिला भी किसान है? प्रायः हमारे मस्तिष्क में छवियां पूर्व निर्मित होती हैं, जिनका बोध उस छवि से जुड़े शब्द और अर्थ के प्रकटीकरण के साथ होता है और हम अपनी पूर्व निर्मित छवियों के आधार पर फिर उसे नाम देते हैं। यह प्रक्रिया स्वतः नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक निर्मिती का ही एक हिस्सा है। आखिर ऐसा क्यों? सभी जानते हैं कि किसानी में खेती के अधिकांश काम बीज बोने से लेकर निराई, कटाई, छंटाई और फसल काटने तक में महिलाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। केवल हल और ट्रैक्टर न चला पाने के कारण समाज उसे किसान मानने से इनकार कर देता है। यहां प्रशिक्षण का अभाव और सामाजिक बंदिशें उन्हें इन कामों से रोकती हैं।

आज भी कई गांव ऐसे हैं जहां महिलाएं ही किसानी का काम करती हैं। पूर्वोतर और दक्षिण भारत की महिलाओं के साथ-साथ उत्तर भारत की महिलाएं भी खेती में अधिक सक्रिय हैं। बल्कि पहाड़ की ओर जाएं तो वहां ज्यादातर महिलाएं ही किसानी का काम करती हैं। स्वयं ही खेतों को जोतती हैं व अन्य सभी कामों के साथ-साथ उसका मोल-भाव करती हैं। यहां तक कि पर्यावरण आंदोलन की नींव भी इन्हीं महिलाओं ने डाली। पुरुष अधिकतर रोजगार के सिलसिले में शहरों की ओर पलायन कर चुके हैं।

महिलाएं प्रकृति के करीब मानी जाती हैं, क्योंकि वे जीवन देती हैं और उसका भरण-पोषण करती हैं। या कहें कि प्रकृति अपने स्वभाव में स्त्री ही होती है। एक महिला के समान वह भी उत्पादन क्रम से जुड़ी होती है। प्रकृति और स्त्री के बीच का यही तादात्म्य उसे अधिक करीब लाता है। पारिस्थितिकी नारीवाद इसी तादात्म्य की बात करता है और महिलाओं को साथ लेकर चलने की बात कहता है। वह विकास में महिलाओं के नजरिए की महत्ता को स्वीकारता है। यह विकास फिर खेती के जरिए हो या परिवार के।

महिलाओं का पर्यावरण से संबंध पुराना रहा है। आधुनिक भारत में पर्यावरणवादी आंदोलनों की एक असाधारण विशेषता इनमें महिलाओं द्वारा निभाई गई अहम भूमिका है। वे काटे जा रहे जंगलों, अनियंत्रित खनन, विस्थापन और बड़े पैमाने पर मछली मारने के खिलाफ सड़कों पर उतरी हैं। वे नंगी पहाड़ियों पर पौधे लगा रही हैं, जलापूर्ति के स्थानीय स्रोतों का संरक्षण कर रही हैं और ऊर्जा-सक्षम तकनीक का प्रोत्साहन करने में जुटी हैं। मगर क्यों साहित्य और समाज में उन्हें महत्त्व नहीं दिया गया, क्यों साहित्य में उनके लिए आज भी शून्यता ही मिलती है? क्यों किसान जीवन का इतना समृद्ध साहित्य होने के बावजूद उनकी छवि आज भी श्रमिक या कामगार महिला की है? क्यों साहित्य का किसान आज भी होरी ही है, धनिया नहीं?

साहित्य के तरह समाज और राष्ट्र भी अपनी नीतियों में उन्हें हाशिये पर रखता है। उनका काम आज भी श्रम के रूप में गिना जाता है। इसका ही प्रभाव रहा कि आज भी किसानी में महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए योजनाएं और नीतियां नहीं मिलतीं। हम क्यों भूल जाते हैं कि महिलाओं को भी विकास की नीतियों में शामिल करने से ही आर्थिक विकास संभव है, क्योंकि वे प्रकृति के बहुत ही करीब होती हैं और अगर उन्हें भी पुरुष किसान के समान प्रशिक्षित किया जाए, तो वे भी आत्मनिर्भर होगी और उनकी यही आत्मनिर्भरता राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोगी होगी। अन्यथा विकास में महिलाओं की उपेक्षा प्राकृतिक आपदाओं के रूप में हमारे सामने आती रहेंगी।

# कामना का त्याग करें



- आचार्य महाश्रमण

हमारे जीवन में इंद्रियों का महत्व है, मन का महत्व है और बुद्धि का भी बहुत महत्त्व है। इंद्रियां, मन और बुद्धि एक श्रृंखला में जुड़ी हुई चीजें लगती हैं। इंद्रियां ज्ञान का और भोग का माध्यम बनती हैं किन्तु मन न हो तो मात्र इंद्रियां क्या करेगी? इंद्रियों के साथ मन जुड़ता है तब कुछ परिपूर्णता आती है। मन के बिना इंद्रियों का महत्व कम हो जाता है। हम इंद्रियों से पदार्थों को जानते हैं फिर मन से उस पर विचार करते हैं। मन में प्रतिक्रियाएं भी होती है। बुद्धि से आदमी समझता है, ज्ञान को बढ़ाता है, निर्णय करता है। श्रीमद्भगवद्गीता में तीनों पर विचार किया गया है। वहां बताया गया है

**इंद्रियाणि पराण्याहुरिन्द्रियेभ्य: परं मनः।**
**मनसस्तु परा बुद्धिर्यो बुद्धेः परतस्तु सः।। 3/42।।**

इंद्रियों को स्थूल शरीर से श्रेष्ठ, बलवान और सूक्ष्म कहते है। इन इद्रियों से पर मन है मन से भी पर बुद्धि है और जो बुद्धि से भी अत्यंत पर है वह आत्मा है।

शरीर की अपेक्षा इंद्रियां ज्यादा श्रेष्ठ हैं। इंद्रियां है इसलिए विषयों का उपयोग है। इंद्रियां न हो तो विषयों का पदार्थों का क्या उपयोग होता? पदार्थों की अपेक्षा, विषयों की अपेक्षा या शरीर की अपेक्षा इंद्रियां श्रेष्ठ होती है, उनसे ज्ञान मिलता है। इंद्रियों से भी ज्यादा श्रेष्ठ मन होता है। पहले शरीर फिर इंद्रियां, उसके बाद मन का बड़ा महत्व है। इंद्रियों की अपेक्षा मन सूक्ष्म भी है। इंद्रियां तो हमारे सामने दृष्टिगोचर भी होती है। मन भीतर में रहकर काम करने वाला है। मन से भी आगे बुद्धि का स्थान है। मन से भी सूक्ष्म बुद्धि है क्योंकि बुद्धि के द्वारा निश्चय होता है।

बुद्धि के लिए कहा गया है व्यवसायात्मिक बुद्धिः यह करना, यह नहीं करना आदि हम जो निर्णय करते हैं वह बुद्धि के द्वारा करते हैं। मन से भी ज्यादा महत्त्वपूर्ण बुद्धि होती है। बुद्धि से भी आगे है काम। हम जैन विद्या के संदर्भ में विचार करें तो औदारिक शरीर स्थूल है, उससे सूक्ष्म है इंद्रियां, उससे सूक्ष्म है तैजस शरीर और उससे भी ज्यादा सूक्ष्म है कार्मण शरीर। कार्मण शरीर में कर्म रहते है। काम, कषाय ये कार्मण शरीर में रहने वाले हैं। वे हमें स्पष्ट भले दिखाई न दें, पर उनके रहने का स्थान और गहरे में है। कई बार काम न भी उभरे पर भीतर में पड़ा रहता है। वह जब अपना प्रभाव दिखाता है तब आदमी का मन चकराता है, वृत्तियां तीव्र होती है आदमी अपराध में चला जाता है। काम को नष्ट करना बड़ा कठिन होता है।

**उत्तराध्ययन सूत्र में कहा गया-**
**कामाणुगिद्धिप्पभवं खु दुक्खं, सव्वस्स लोगस्स सदेवगस्स।**
**जं काइयं माणसियं च किंचि, तस्संतगं गच्छइ वीयरागो।।32/98।।**

सब जीवों के और देवताओं के भी जो कुछ कायिक और मानसिक दुःख है, वह काम भोगों की सतत अभिलाषा से उत्पन्न होता है। वीतराग उस दुःख का अंत पा जाता है।

सारा दुःख है, वह काम के द्वारा पैदा किया हुआ है यानी काम दुःख को पैदा करने वाला है। अनुगृद्धि या आसक्ति दुःख को पैदा करने वाली है। काम को गीताकार ने भी हमारा बड़ा अहित करने वाला तत्त्व माना है और उत्त्राध्ययनकार ने भी दुःख का मूल बताया है। हमारी साधना का महत्त्वपूर्ण आयाम है कि हम कामना को कम करने का प्रयास करें, इच्छाओं को कम करने का प्रयास करें। ज्यों-ज्यों हमारी इच्छाएं कम हो जाएगी, त्यों-त्यों हम सुखी हो जाएंगे। जब तक कामना रहेगी तब तक दुःख रहेगा। आदमी अपने मन को समझाने का प्रयास करे कि मैं इतनी इच्छा क्यों करूँ? मेरे भाग्य में कुछ है तो मुझे मिल जाएगा। अगर मेरे भाग्य में है ही नहीं तो सौ प्रयास कर लूं मिलना मुश्किल है। आखिर मुझे चाहिए ही क्यों? खाने को रोटी चाहिए। शरीर को ढकने के लिए कपड़ा चाहिए, बीमार होने पर कुछ दवाई चाहिए, रहने को थोड़ा स्थान चाहिए। बस इतना मिल जाए फिर ज्यादा लम्बी चौड़ी कामनाएं करें ही क्यों? सुख में रहें। जितना संभव हो दूसरों का भला करें, कल्याण करें, परोपकार करें, अपना कल्याण करें। बाह्य कामना में न जाएँ। अपने मन को खुद समझाएं कि भाई ! तुम ज्यादा कामना में मत फंसो। यह कामना दुःख का कारण है। कामना कर्मों का बंध भी कराती है, जिससे जन्म मरण की परम्परा चलती रहती है, इसलिए कामना को छोड़ने की चेष्ट करो। चिंतन करने से, अभ्यास करने से हम धीरे-धीरे कामना को कम कर सकते हैं, कामना को मार सकते हैं और निष्काम योगी बनना जीवन की बहुत बड़ी उपलब्धि होती है। हमारे कपड़ों में कांटे लग जाते हैं। एक-एक कांटे को देख-देखकर निकाल दें तो वस्त्र कांटों से मुक्त हो जाता है। ये कामना के कांटे हमारे चुभे हुए हैं। हम एक-एक कांटे को दखे लें, कहां-कहां कामना के कांटे लगे हुए हैं। उनको निकाल दे तो हम कामना मुक्त हो जाएंगे। कामना मुक्त होने के बाद हमें जो सुख मिलेगा, शांति मिलेगी, वह विशिष्ट होगी।

**जहि शत्रुं महाबाहो कामरूपं दुरासदम्।।**

जो काम रूपी शत्रु है, जिसको खोज पाना मुश्किल है, उसको तुम खोजो और वहां से निकालो। काम वहां से हट जाएगा। फिर तुम्हें कितना बड़ा सुख, शांति का साम्राज्य प्राप्त हो जाएगा। जैन वाड्.मय में कहा गया कामों का अतिक्रमण करो, दुःख अपने आप अतिक्रांत हो जाएगा। एक साधु के मन मे यदि कामना रहती है, संकल्प विकल्प रहता है तो वह पग-पग पर साधु विषादग्रस्त हो जाता है क्योंकि मन में कामना है। जैन वाड्.मय और गीता में काम को शत्रु और दुःख का कारण माना है। हमें दुःखों से मुक्त होना है तो कामना का परित्याग करना होगा। तभी आदमी परम सुखों को प्राप्त हो सकेगा।

## ब्रह्मा के यज्ञ का साक्षी ब्रह्मसरोवर

कुरुक्षेत्र में इन दिनों अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का केंद्र बने विश्व प्रसिद्ध तीर्थ 'ब्रह्मसरोवर' का संबंध सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा जी के साथ माना गया है। लोमहर्षण जी ने वामन पुराण में इसका जिक्र किया है। उन्होंने श्लोक लिखा है, जिसका अर्थ है- सबसे पहले उत्पन्न होने वाले कमलासन ब्रह्मा, लक्ष्मी सहित विष्णु और महादेव रुद्र को सिर झुकाकर प्रणाम करके मैं महान ब्रह्मसरोवर तीर्थ का वर्णन करता हूं।

एक अन्य श्लोक के अनुसार सबसे पहले इस पावन धरा को ब्रह्मवेदी कहा गया था। बाद में इसका नाम रामह्रद हुआ और फिर बाद में राजर्षि कुरु द्वारा जोते जाने से इसका नाम कुरुक्षेत्र पड़ा। यह भी कहा जाता है कि ब्रह्मा जी ने पहला यज्ञ इसी स्थान पर किया था। इस पावन तीर्थ पर प्रत्येक अमावस्या, पूर्णिमा, सूर्य ग्रहण और चंद्र ग्रहण के अवसर पर विशाल मेला लगता है। दूर-दूर से श्रद्धालु स्नान, ध्यान और दर्शन के लिए इस तीर्थ पर आते हैं। वामन पुराण में लिखा है कि चतुर्दशी और चैत्र मास की कृष्ण पक्ष की अष्टमी को इस तीर्थ पर स्नान व उपवास करने वाला व्यक्ति सूक्ष्मातिसूक्ष्म परब्रह्म का साक्षात्कार कर जन्म-मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है।

पिछले लगभग 30 साल से इस पवित्र तीर्थ पर गीता महोत्सव मनाया जाता है। यह गीता महोत्सव अब अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के नाम से प्रसिद्ध है। इस तीर्थ के चारों तरफ सड़कें और पार्क हैं। रेलिंग से आगे सरोवर 15 फुट गहरा है।

इस तीर्थ के दोनों भागों की लंबाई 3300 फुट और चौड़ाई 3000 फुट है। सरोवर के चारों ओर लाल पत्थर का प्लेटफार्म, परिक्रमा और सीढ़ियां हैं। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा मुख्य गेट के साथ पूर्व और पश्चिम की तरफ महाभारत से जुड़े चित्र बनाए जा रहे हैं। चित्रों का विवरण भी दिया जा रहा है।

## भगवान शंकर का अवतार माना जाता है बजरंग बली को

बजरंग बली हनुमान जी को भगवान शंकर का अवतार भी माना जाता है। मान्यता है कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की सेवा के निमित्त भगवान शिव जी ने एकादश रुद्र को ही हनुमान के रूप में अवतरित किया था।

बजरंग बली हनुमान जी को भगवान शंकर का अवतार भी माना जाता है। मान्यता है कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की सेवा के निमित्त भगवान शिव जी ने एकादश रुद्र को ही हनुमान के रूप में अवतरित किया था। हनुमान जी चूंकि वानर-उपदेवता श्रेणी के तहत आते हैं इसलिए वे मणिकुण्डल, लंगोट व यज्ञोपवीत धारण किए और हाथ में गदा लिए ही उत्पन्न हुए थे। पुराणों में उल्लेख मिलता है कि उपदेवताओं के लिए स्वेच्छानुसार रूप एवं आकार ग्रहण कर लेना सहज सिद्ध है। पुराणों के अनुसार, इस धरा पर जिन सात मनीषियों को अमरत्व का वरदान प्राप्त है, उनमें बजरंग बली भी हैं।

माता अंजनी एवं पवन देवता के पुत्र हनुमान का जीवनकाल पराक्रम और श्रीराम के प्रति अटूट निष्ठा की असंख्य गाथाओं से भरा पड़ा है। हनुमान जी में किसी भी संकट को हर लेने की क्षमता है और अपने भक्तों की यह सदैव रक्षा करते हैं। हनुमान रक्षा स्त्रोत का पाठ यदि नियमित रूप से किया जाए तो कोई बाधा आपके जीवन में नहीं आ सकती। साथ ही हनुमान चालीसा का पाठ करने



से बड़े से बड़ा भय दूर हो जाता है। भगवान श्रीराम की नित उपासना करने वालों पर हनुमान जी खूब प्रसन्न रहते हैं। उनकी मूर्ति स्थापित करके शुद्ध जल, दूध, दही, घी, मधु और चीनी का पंचामृत, तिल के तेल में मिला सिंदूर, लाल पुष्प, जनेऊ, सुपारी, नैवेद्य, नारियल का गोला चढ़ाएं और तिल के तेल का दीपक जलाकर उनकी पूजा करें। इससे हनुमान जी प्रसन्न होकर भक्तों के सारे कष्ट हर लेते हैं। हनुमान जी के बचपन से जुड़ा एक प्रचलित प्रसंग यह है कि एक बार माता अंजनि हनुमानजी को कुटि में लिटाकर कहीं बाहर चली गयीं। थोड़ी देर में इन्हें तेज भूख लगने लगी। इतने में आकाश में सूर्य भगवान उगते हुए इन्हें दिखायी दिये। इन्होंने समझा कि यह कोई लाल लाल सुंदर मीठा फल है। बस एक ही छलांग में वह सूर्य भगवान के निकट जा पहुंचे और उन्हें पकड़कर अपने मुंह में रख लिया। सूर्य ग्रहण का दिन था, राहु सूर्य को ग्रसने के लिए उनके पास पहुंच रहा था। उसे देखकर हनुमानजी ने सोचा यह कोई काला फल है, इसलिए उसकी ओर भी झपटे। राहु किसी तरह भागकर देवराज इंद्र के पास पहुंचा। उसने कांपते स्वरों में कहा, भगन आज आपने यह कौन सा दूसरा राहु सूर्य को ग्रसने के लिए भेज दिया? यदि मैं भागा ना होता तो वह मुझे भी खा गया होता।

राहु की बातें सुनकर देवराज इंद्र को बड़ा अचंभा हुआ। वह अपने सफेद हाथी पर सवार होकर हाथ में वज्र लेकर बाहर निकले। उन्होंने देखा कि एक वानर बालक सूर्य को मुंह में दबाए आकाश में खेल रहा है। हनुमान ने भी सफेद ऐरावत पर इंद्र को देखा। उन्होंने समझा कि यह कोई खाने लायक सफेद फल है। वह उधर भी झपटे। यह देखकर देवराज इंद्र बहुत ही क्रोधित हो उठे। उन्होंने खुद को अपनी ओर झपटते हनुमान से बचाया और सूर्य को छुड़ाने के लिये हनुमान की ठुड्डी पर वज्र का तेज प्रहार किया। वज्र के प्रहार से हनुमान का मुंह खुल गया और वह बेहोश होकर पृथ्वी पर गिर पड़े। हनुमान के गिरते ही उनके पिता वायु देवता वहां पहुंच गये। अपने बेहोश बालक को उठाकर उन्होंने गले से लगा लिया। माता अंजनि भी वहां दौड़ती हुई आ पहुंचीं। हनुमान को बेहोश देखकर वह रोने लगीं। वायु देवता ने क्रोध में आकर बहना ही बंद कर दिया। हवा के रुक जाने के कारण तीनों लोकों में प्राणी व्याकुल हो उठे। पशु, पक्षी बेहोश हो होकर गिरने लगे। पेड़ पौधे और फसलें कुम्हलाने लगीं। ब्रम्हाजी इंद्र सहित सभी देवताओं को लेकर वायु देवता के यहां पहुंचे। उन्होंने अपने हाथ से छूकर हनुमान को जीवित करते हुए वायु देवता से कहा, वायु देवता आप तुरंत बहना शुरू करें क्योंकि वायु के बिना हम सब लोगों के प्राण संकट में पड़ गये हैं। यदि आपने बहने में जरा भी देरी की तो तीनों लोकों के प्राणी मौत के मुंह में चले जाएंगे। आपके इस बालक को आज सभी देवताओं की ओर से वरदान प्राप्त होगा। ब्रह्माजी की बात सुनकर सभी देवताओं ने कहा कि आज से इस बालक पर किसी प्रकार के अस्त्र शस्त्र का प्रभाव नहीं पड़ेगा। देवराज इंद्र ने कहा, मेरे वज्र का भी इस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसकी ठुड्डी (हनु) वज्र से टूट गयी थी इसलिए आज से इसका नाम हनुमान होगा। ब्रह्माजी ने कहा कि वायुदेव तुम्हारा यह पुत्र बल बुद्धि विद्या में सबसे बढ़ चढ़कर होगा। तीनों लोकों में किसी भी बात में इसकी बराबरी करने वाला दूसरा कोई ना होगा। यह भगवान राम का सबसे बड़ा भक्त होगा। इसका ध्यान करते ही सभी प्रकार के दुःख दूर हो जाएंगे। यह मेरे ब्रह्मास्त्र के प्रभाव से सदा मुक्त होगा। वरदान से प्रसन्न होकर ब्रह्माजी एवं देवताओं की प्रार्थना सुनकर वायुदेव ने फिर पहले की तरह बहना शुरू कर दिया जिससे तीनों लोकों के प्राणी प्रसन्न हो उठे।

## मोक्ष



**हिंदू** धर्म में मोक्ष की प्राप्ति अनिवार्य मानी गई है। जन्म और मृत्यु के बंधन से मुक्त होना मोक्ष माना गया है और इसके लिए ईश्वर की कृपा पाना अनिवार्य है, लेकिन बौद्ध मत के अनुसार मुक्ति के लिए किसी ईश्वरीय अथवा दैवी अनुकंपा की आवश्यकता नहीं। बौद्ध मत के अनुसार वस्तुओं और स्थितियों को उनके यथार्थ रूप में देखने की योग्यता उत्पन्न होना ही मुक्ति अथवा मोक्ष है और इसे ही निर्वाण कहा गया है। स्वयं को तथा संसार की सारी वस्तुओं को मात्र देखना और उनके प्रति राग-द्वेष का भाव न रखते हुए आगे बढ जाना निर्वाण की प्राप्ति में सहायक है। गीता में वर्णित समत्वं योग उच्यतेकी तरह समता भाव में स्थित होना ही निर्वाण है। संसार अथवा संसार की वस्तुओं के वास्तविक स्वरूप को जानने के लिए आवश्यक है स्वयं के वास्तविक स्वरूप को जानना। स्वयं को जान लेंगे तो संसार को जान लेंगे तथा संसार को जान लेंगे तो स्वयं को और अधिक अच्छी प्रकार से जानना संभव हो सकेगा। यही जानने की एक विधि है विपश्यना। विपश्यनामें सबसे पहले हम केवल श्वास के आवागमन पर ध्यान केंद्रित करने का अभ्यास करते हैं, जिसे आनापान कहते हैं। आनापानके अभ्यास के बाद विपश्यना अर्थात् स्वयं का मानसिक निरीक्षण करने की प्रक्रिया प्रारंभ होती है। स्थूल से सूक्ष्म अंतरावलोकनकी प्रक्रिया है विपश्यना। विपश्यनासाधना में पहले पूरे तीन दिनों तक आनापानका अभ्यास ही करना होता है। आनापानद्वारा मन पर नियंत्रण कर एकाग्रता का विकास करना सरल है। साधना का उद्देश्य भी तो यही है कि हमारा मन हमारे वश में हो। विपश्यनाअर्थात विशेष रूप से देखने की प्रक्रिया। विपश्यनाशरीर के विभिन्न अंग-प्रत्यंगों के मानसिक निरीक्षण की प्रक्रिया है। बिना अच्छे-बुरे का निर्णय किए, बिना सुख-दुख का अनुभव किए बस देखना और आगे बढ जाना यही तो साक्षी भाव है। यही साक्षी भाव ही विपष्यनाहै। ठोस शरीर को निरंतर तरंग रूप में परिवर्तित होते देखना ही विपश्यनाहै। एक बार अपने इस वास्तविक स्वरूप को जान लेंगे तो बाकी संसार को जानने में और उसके बाद जीते जी मोक्ष प्राप्त करने में कोई बाधा आ ही नहीं सकती।

## शुरू से करें ध्यान का अभ्यास

**किसान** खेतों में धान की बुवाई आषाढ महीने में करते हैं, जबकि कटाई अगहन के महीने में। यदि वे अगहन में बुवाई करना शुरू कर दें, तो अनाज की उपज नहीं हो सकेगी। खेती का यह नियम हमें बहुत बडी सीख देता है।

हमें सभी कार्य समय पर करने चाहिए। हमें सही उम्र में ध्यान और साधना से जुड जाना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति वृद्धावस्था में ध्यान-साधना के बारे में सोचता है, तो उसकी यह भूल हो सकती है। किसी भी काम को कल पर छोडने के बजाय आप आज से ही शुरू कर दें। यदि आपके मन में कुछ अच्छा काम करने की इच्छा हो रही है, तो उसे इसी क्षण से करना शुरू कर दें।

माना जाता है कि मरते वक्त रावण ने राम को भी कुछ उपदेश दिए थे। रावण ने कहा था-शुभस्य शीघ्रम, अशुभस्यकालहरणम्। जब आपकी इच्छा शुभ कर्म करने की हो रही है, तो उसे तुरंत कर दें। इसमें एक क्षण की भी देरी नहीं करनी चाहिए। जब आपकी इच्छा किसी अशुभ कर्म करने की हो रही हो, तो उसमें आप देरी करें। रावण ने अपने जीवन की घटना के बारे में उल्लेख करते हुए बताया कि मेरी इच्छा हुई-मैं धरती को स्वर्ग से जोडने के लिए सीढी बना दूं। लेकिन आज नहीं कल, कल नहीं परसों करते-करते मैं इसकी शुरुआत भी नहीं कर पाया।

आज मेरी मृत्यु हो रही है। वहीं दूसरी ओर, मेरे मन में विचार आया कि मैं सीता का अपहरण करूंगा। यह अशुभ कर्म था। यदि इस कार्य को करने में मैं देरी कर देता, आज नहीं कल, कल नहीं परसों करता, तो यह अशुभ कर्म नहीं हो पाता और मेरी मृत्यु भी नहीं होती। श्रीआनंदमूर्तिके अनुसार, व्यक्ति को कम उम्र में ध्यान और साधना से जुड जाना चाहिए। इसके लिए उसे बुढापे का इंतजार नहीं करना चाहिए। हर कर्म अभ्यास से ही पुष्ट होता है। यदि हम कम उम्र में ही साधना से जुड जाते हैं, तो हमारे लिए ध्यान के परम आनंद को पाना सरल हो जाता है।

दूसरी ओर, बुढापे में हमारा शरीर कमजोर हो जाता है। यदि हम इस उम्र में साधना से जुडेंगे, तो संभव है सफलता न मिल पाए। इसलिए बुद्धिमान व्यक्ति कम उम्र से ही साधना करना शुरू कर देते हैं। ऐसा माना जाता है कि कई जन्मों के बाद हमें मानव शरीर मिल पाता है, इसलिए इसे दुर्लभ भी कहा गया है। यदि मानव शरीर मिलने के बावजूद हम उसका सदुपयोग नहीं कर पाते हैं, तो यह सही नहीं है।

पवित्र साधना से ही हमारा जीवन सार्थक हो पाता है। इसलिए यदि आप साधना-मार्ग से नहीं जुड पाए हैं, तो आज से ही साधना शुरू कर दें।



## संदेश



## अब तो पगडंडी सा है प्राचीन पथ

**भारत-तिब्बत सीमा पुलिस ने जिस प्राचीन कैलास-मानसरोवर यात्रा मार्ग की खोज की है वह किसी चुनौती से कम नहीं थी। सैकडों या हजारों वर्ष पूर्व तक जिन मार्गों से यात्रियों के जत्थे गुजरते होंगे वे अब पगडंडी भर रह गए हैं। आईटीबीपी द्वारा खोजे गए 260 किलोमीटर लंबे इस प्राचीन मार्ग से कैलास यात्रा का संचालन अब भूस्खलन या अन्य आपात स्थितियों में ही किया जाएगा।**

**कुमाऊं** मंडल विकास निगम द्वारा संचालित कैलास-मानसरोवर यात्रा के सफल संचालन में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की मिर्थी वाहिनी द्वारा विशेष सहयोग दिया जाता है। यात्रियों को सुरक्षित तिब्बत पहुंचाने और वापस बेस कैंप पहुंचाने में आईटीबीपी का विशेष सहयोग रहता है। वर्षाकाल में भूस्खलन के लिए धारचूला से लेकर गाला तक मार्ग अतिसंवेदनशील है। अधिक वर्षा होते ही पहाडियों के टूटने से मार्ग बंद होना आम बात रहती है। यहां पिछले वर्षों में आपदा के कारण नियमित मार्ग के ध्वस्त होने से यात्रियों को तमाम परेशानियों से जूझना पडा था। इसी को ध्यान में रखते हुए आईटीबीपी द्वारा प्राचीन मार्ग की खोज का निर्णय लिया गया, ताकि नियमित मार्ग के बंद होने की स्थिति में बिना देरी किए प्राचीन मार्ग से यात्रियों को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाया जा सके। सातवीं वाहिनी मिर्थी के कमांडेंट एपीएस निंबाडिया ने इस मार्ग की खोज के लिए वर्ष 2009 में जवानों के छह दल गठित किए। इन दलों को गाला से लेकर काठगोदाम तक मार्ग की खोज का जिम्मा दिया गया। खोज में लगाए गए जवानों को इस कार्य में खासी मशक्कत करनी पडी। यह मार्ग कई स्थानों पर पगडंडी भर रह गया था। इस यात्रा पथ के किनारे जिन धर्मशालाओं का जिक्र किया जाता रहा है वे भी खंडहर या पत्थर की दीवारों के अवशेष रूप में ही मिलीं। बहरहाल, मार्ग जिस स्थिति में भी हो, लेकिन भारत-तिब्बत सीमा पुलिस द्वारा पूरा किया गया यह अभियान विशेष उपलब्धि रहा और इस काम को खासी सराहना भी मिली। पिछले वर्ष मार्ग को खोजने का काम पूरा होने के बाद संस्कृति मंत्रालय द्वारा आईटीबीपी से इस मार्ग का पूरा ब्योरा मांगा गया। इसके पीछे संस्कृति मंत्रालय की मंशा इस प्राचीन मार्ग को राष्ट्रीय धरोहर में शामिल करना है।

### उपयोग के लायक नहीं मार्ग

भारत-तिब्बत सीमा पुलिस द्वारा खोजा गया प्राचीन कैलास-मानसरोवर यात्रा मार्ग चलने लायक नहीं है। दशकों से शासन-प्रशासन द्वारा सुध नहीं लिए जाने से यह मार्ग अधिकांश स्थानों पर ध्वस्त हो गया है। कहीं पगडंडी शेष है तो कहीं मार्ग पर कंटीली झाडियां उग आई हैं। पिथौरागढ, अल्मोडा और नैनीताल जनपदों की सीमाओं में पडने वाले इस मार्ग का सुधार होने की उम्मीद अब संस्कृति मंत्रालय से ही है। इस मार्ग से तीनों जनपदों के सीमांत ग्रामीणों के अलावा आपात स्थिति में सरकार को भी बेहद लाभ मिलेगा।

## कर्म और तप



**तप** शब्द का यदि शाब्दिक अर्थ देखें तो पाएंगे कि कठोर परिश्रम से सत्कर्म के मार्ग में चलने को ही शास्त्रों में तप कहा गया है। गोस्वामी जी ने रामचरितमानस में तप को परिभाषित करते हुए लिखा है-तब बल रचहिप्रपंचुविधाता, तप बल करहिंविष्णु जग गाता अर्थात कठोर परिश्रम के बल से ही भगवान इस संसार का संचालन कर पाते हैं। जब भगवान को भी कठोर परिश्रम की आवश्यकता होती है तो हम साधारण मनुष्य क्यों तप नहीं करते। कुछ लोग तप को वन में जाकर समाधि लगाने को मान लेते हैं। यहां कर्म को तप की संज्ञा में लाने के लिए कर्म के प्रकारों को समझना होगा। गीता में कर्म के तीन प्रकार बताए गए हैं। यह कर्म, अकर्म और विकर्म हैं। कर्म उचित ध्येय के लिए किए जाने वाला जिसमें किसी कीकोईगलत भावना न हो या जो किसी के अधिकारों का हनन न करता हो। ऐसे कार्य को गीता कर्म की श्रेणी में मानती है। अकर्म कर्महीनताया निष्क्रियता को कहा जाता, जिसको पाप की श्रेणी में रखा जाता है। इसी प्रकार यदि हम विकर्म को देखें तो पाएंगे कि जो कार्य धर्म पर मानवता के विपरीत है, उसको विकर्म कहा जाता है तथा विकर्म भी घोर पाप की श्रेणी में आता है। इसलिए हमें अकर्म तथा विकर्म से बचते हुए कर्म करना चाहिए जो वास्तव में तप है।

